# रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

## वर्दी का सपना हुआ साकार, पद व गोपनीयता की शपथ लेकर 497 आरक्षी जनसेवा के लिए हुए तैयार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के कुशल निर्देशन में संचालित 497 रिक्रूट आरक्षियों के 09 माह के कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण सत्र का सफल समापन आज दिनांक 26 अप्रैल 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा में भव्य एवं गरिमामय दीक्षांत परेड समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। यह अवसर न केवल रिक्रूट आरक्षियों के लिए, बल्कि उनके परिवारजनों एवं सम्पूर्ण पुलिस विभाग के लिए गर्व एवं गौरव का क्षण रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का सूक्ष्म निरीक्षण कर मान-प्रणाम ग्रहण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट समन्वय, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का प्रदर्शन करते हुए टोलीवार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अतिथियों को प्रभावित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा समस्त रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पित सेवा का माध्यम है, जिसमें अनुशासन, धैर्य, सहनशीलता एवं त्वरित निर्णय क्षमता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नवआरक्षियों को पुलिस परिवार में सम्मिलित होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीक्षांत




समारोह के दौरान प्रशिक्षण अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आंतरिक एवं बाह्य विषयों में उत्कृष्ट मानसिक एवं शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करने हेतु रिक्रूट आरक्षी समर पाल वर्मा एवं शैलेन्द्र यादव को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वांग सर्वोत्तम प्रदर्शन हेतु रिक्रूट आरक्षी नित्यानंद त्रिपाठी को ÷सर्वांग सर्वोत्तम आरक्षी÷ का सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत परेड के सफल संचालन में प्रथम परेड कमांडर सौभाग्य, द्वितीय परेड कमांडर अभय यादव एवं तृतीय परेड कमांडर अभय प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके नेतृत्व में परेड का संचालन अत्यंत प्रभावी एवं अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रशिक्षण सत्र में योगदान देने वाले समस्त इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं पेशेवर दक्षता की सराहना की गई। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा के फलस्वरूप रिक्रूट आरक्षियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आई0टी0आई0 अनिल कुमार यादव, पीटीआई सेराज अहमद तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन्द्रेश कुमार गुप्ता एवं प्रवीण पाण्डेय को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा नवप्रशिक्षित आरक्षियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दवाच्यॉ, ट्रेनी आईपीएस प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का डीएम व आईजी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश






गोंडा, समृद्धि न्यूज

होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्र श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का निरीक्षण करती हुई जिलाधिकारी महोदया एवं पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा द्वारा जनपद गोण्डा में यूपी होमगार्ड भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से दिनांक 26.04.2026 प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जनपद गोण्डा के परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गोण्डा, श्री गाँधी विद्यालय इण्टर कॉलेज गोण्डा, कस्तूरबा बालिका इण्टर कॉलेज गोण्डा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा की समुचित निगरानी का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### आम आदमी पार्टी की कार्यकारिणी बैठक आयोजित



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। रविवार को अम्बेडकर चौराहे के निकट, जिला पंचायत सभागार के समक्ष टीन शेड में आम आदमी पार्टी, जनपद गोण्डा की जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पण्डित के नेतृत्व में किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, विधानसभाओं के पदाधिकारियों की सक्रियता एवं कार्यशैली में सुधार पर विशेष जोर दिया गया। जिन क्षेत्रों में संगठनात्मक निष्क्रियता हो वहाँ उसे शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रांत नेतृत्व के निर्देशानुसार– प्रत्येक माह की 02 तारीख को जिला कार्यकारिणी बैठक, 10 तारीख को विधानसभा बैठक, तथा 16 तारीख को ब्लॉक स्तर की बैठक नियमित एवं अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, किशोर की मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में 17 वर्षीय शिवा कुमार की मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना में 16 वर्षीय रॉकी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अयोध्या ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह हादसा अंबरपुर माझा के पास हुआ। बताया जा रहा है कि दोनों नाबालिग एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर नवाबगंज बाजार से अपने घर अंबरपुर माझा देर रात लौट रहे थे। जहां रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक विद्युत खंभे से टकरा गई। दुर्घटना के बाद दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने 17 वर्षीय शिवा कुमार को मृत घोषित कर दिया। रॉकी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अयोध्या ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। नवाबगंज पुलिस ने मृतक शिवा कुमार के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिवा कुमार की मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा है और उनका रो–रोकर बुरा हाल है। नवाबगंज थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अंबरपुर माझा के पास तेज रफ्तार बाइक के विद्युत खंभे से टकराने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घायल रॉकी का इलाज अयोध्या में जारी है। यह घटना देर रात हुई है जब यह दोनों अपने घर के कुछ जरूरी सामान को लेकर के बाजार से घर जा रहे थे। लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है की नाबालिग बच्चों के हाथ में अपनी मोटरसाइकिल ना दे फिर भी लोग दे रहे हैं। लगातार अभियान चला करके हम लोगों द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

### मॉडिफाइड बाइक से हुड़दंग मचाता युवक गिरफ्तार



बहराइच, समृद्धि न्यूज। फखरपुर क्षेत्र स्थित वजीरगंज में मॉडिफाइड बाइक से हुड़दंग मचाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में साइलेंसर को अवैध तरीके से मोडिफाइड कर तेज आवाज और आग के गोले के साथ पटाखे दगा करके चौराहे पर हुड़दंग मचा रहा था स्थानीय लोगों के अनुसार, यह युवक कई दिनों से अपनी बाइक से पटाखे दागते हुए और तेज आवाज करते हुए निकल रहा था, जिससे क्षेत्र में परेशानी हो रही थी। आज वजीरगंज चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ चौराहे पर मौजूद थे। तभी युवक अपनी मॉडिफाइड बाइक से आग के गोलों सहित पटाखे दागते हुए वहां पहुंचा। पुलिस ने तुरंत उसे रोका और बाइक की जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि बाइक में एक अलग से साइलेंसर लगाया गया था, जो आग के गोलों के साथ पटाखे और अत्यधिक तेज आवाज पैदा करता था। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

### लापता युवक का शव नदी में मिलने से सनसनी



उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम कालिंजर ग्रिंट (गहीरवा) के पास रविवार सुबह कुआनो नदी में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 19 वर्षीय शिव कुमार उर्फ भोलू राजभर के रूप में हुई है, जो शनिवार दोपहर से लापता था। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालिंजर ग्रिंट निवासी रक्षा राम राजभर का पुत्र भोलू शनिवार अपराह्न करीब 3 बजे बिना बताए घर से निकल गया था। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने पेहर बाजार चौकी पर लिखित सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार सुबह गांव के कुछ लोगों ने कुआनो नदी में एक शव उतराता देखा, जिसके बाद तत्काल ग्राम प्रधान राम शंकर राजभर को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। पहचान होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक भोलू मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसका इलाज चल रहा था। वह चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। उसके बड़े भाई विश्राम और संतोष विवाहित हैं, जबकि छोटा भाई आशु तथा बहनें करिश्मा और रेशमा अविवाहित हैं। पिता रक्षा राम मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करते हैं। घटना के बाद मृतक की मां तारा देवी का रो–रोकर बुरा हाल है और पूरे परिवार में गहरा दुख व्याप्त है। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# गोंडा के युवक की लुधियाना में हत्या

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गोंडा के वजीरगंज थाना क्षेत्र के डुमरियाडीह गांव के रहने वाले 35 वर्षीय मजदूर बहादुर सोनकर की लुधियाना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जब उनका शव गोंडा घर पर लाया गया । परिजनों ने शव देख कर दंग रह गए और हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि उस की पिटाई की गई है। जिस से उस की मौत हो गई। शव को देखने के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

लुधियाना के हरि गोविंद नगर स्थित किंग तंदूरी चाप रेस्टोरेंट के संचालक ने बहादुर सोनकर की हत्या कर शव को अपने ही गोदाम में फेंक दिया। परिजनों के मुताबिक, शव तीन दिन पहले गोदाम के अंदर संदिग्ध हालत में मिला था। बताया जा रहा है कि बहादुर सोनकर पिछले करीब 20 वर्षों से इसी रेस्टोरेंट में काम कर रहे थे। परिजनों ने दावा किया कि घटना से करीब पांच दिन पहले उनका मालिक से किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद रेस्टोरेंट संचालक ने मृतक के छोटे भाई नानबाबू सोनकर को बुलाकर जबरन प्राइवेट एंबुलेंस से शव गोंडा भेज दिया।शव पहुंचने के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।

लोग आरोपी रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वजीरगंज थाना अध्यक्ष विपुल पांडेय मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूरी जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रसोई गैस समस्या : 29 अप्रैल के बाद स्थिति हो सकती है सामान्य

नरेंद्र लाल गुप्ता

गोंडा, समृद्धि न्यूज। आज आपको बताते हैं की गैस एजेंसी के द्वारा इतनी दिक्कत आप लोगों को क्यों आ रही है वैसे तो एक आधी एजेंसी ऐसी है जिनका नाम बार-बार सुर्खियों में आ रहा है लेकिन सिर्फ एक दो एजेंसी ही नहीं है लगभग सभी एजेंसियों के पास यही दिक्कत आ रही है एक कहावत है एक अनार सौ बीमार खाने का तात्पर्य यह है की जहां पहले प्रत्येक एजेंसी को एक लोड यानी 306 सिलेंडर मिलते थे वही इस समय एक लोड में कभी दो एजेंसी वालों को और कभी तीन एजेंसी वालों को वितरित किया जाता है ऐसा समृद्धि न्यूज़ नहीं कह रहा है कह रहे हैं भारत गैस के सेल्स मैनेजर चेतन शर्मा विगत दिवस दूरभाष पर उनसे जब समृद्धि



न्यूज़ ने पूछा की क्या इस समय एजेंसी वालों को पूरा लोड नहीं दिया जा रहा है तो उन्होंने बताया की ऊपर से गैस काम आने के कारण हमको एक लोड में कभी दो एजेंसी वालों को और कभी तीन एजेंसी वालों को गैस देना पड़ता है इसलिए उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है हमने उनसे पूछा की ना कोई ढाबा बंद है ना होटल और ना ही ठेले इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं एक एजेंसी पर बैठा हुआ था एजेंसी का नाम नहीं बताया और इस टॉपिक पर जब उन्होंने एजेंसी मालिक से बात किया तो एजेंसी मालिक ने बताया ऐसे लोग हैं जो अपने घरों में लकड़ी का चूल्हा जलवाते हैं और गैस दुकानों पर बेच लेते हैं यह कहानी है ढाबों और होटल की उनको ज्यादा दाम देने पर गैस तुरंत उपलब्ध हो जाती है लेकिन यह गैस उन्हीं के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है इसमें गैस एजेंसी का कोई रोल नहीं हमने जिले के शाहिद सत्यवान गैस एजेंसी का प्रोपराइटर रणविजय सिंह से इस बात की पुष्टि की तो उन्होंने भी यही बात बताई जब हमने मंगलम गैस के प्रोपराइटर डीप सिंह से बात किया तो उनके द्वारा बताया गया कि ऐसी उम्मीद जताई जा रही है की 29 अप्रैल को बंगाल का चुनाव समाप्त हो जाएगा फिर गैस का लोड बढ़ सकता है और तब स्थिति काफी हद तक सामान्य हो जाएगी अब सबसे बड़ी बात तो यह है कि जब गैस ऊपर से ही कम आती है और जहां एक एजेंसी को 306 सिलेंडर मिलना चाहिए है वहां अगर 100 सिलेंडर ही मिलेंगे तो उपभोक्ताओं को दिक्कत तो होगी ही ऐसे में जिनको जानकारी नहीं है वह एजेंसी होल्डर पर ही सारा दोष मढ़ते हैं।

# जिले भर के मंडल व बूथों पर सुना गया पीएम के मन की बात कार्यक्रम

▸ पीएम बोले- भारत विंड एनर्जी में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ताकत बना

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम रविवार को अपने 133वें एपिसोड के साथ प्रसारित हुआ। जिसमें उन्होंने राष्ट्र को संबोधित किया यह कार्यक्रम देश के नागरिकों से संवाद का एक लोकप्रिय मंच है इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के साथ सीधे संवाद करते हैं तथा महत्वपूर्ण विषयों जनशक्ति, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रहित से जुड़े विषय पर चर्चा करते हैं आज मन की बात




कार्यक्रम में पीएम मोदी ने वैज्ञानिक और तकनीक प्रगति कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की क्रिटिकलिटी संचालन चरण की सराहना की और इस परमाणु वैज्ञानिक की एक बड़ी उपलब्धि बताया उन्होंने बताया कि भारत विंड एनर्जी में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। आगामी जनगणना को डिजिटल बनाने का जिक्र भी किया तथा पोर्टल का इक करते हुए कहा कि इसमें 200 मिलियन से अधिक ऐतिहासिक दस्तावेजों को डिजिटल किया गया है मन की बात कार्यक्रम को जिले भर के सभी बूथों व मंडलों पर जनप्रतिनिधियो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने अयोध्या मंडल उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी के आवास पर बूथ संख्या 311 बनकटा पर मंडल अध्यक्ष दीना नाथ तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राम उदार मिश्रा, मनीष देव त्रिपाठी मंडल महामंत्री एन डी तिवारी मंडल उपाध्यक्ष ओंकार सिंह बूथ अध्यक्ष हरि शंकर मिश्रा व अन्य कार्यकर्ता के साथ सुना।

# भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर गिरफ्तार

▸ एएनटीएफ की टीम ने पकड़ा, 1.5 करोड़ रुपए की 6.770 किलो चरस




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत-नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा इलाके में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ( एएनटीएफ ) और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करोड़ों रुपये की चरस बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के उपनिरीक्षक सूरज सिंह को रूपईडीहा के जमुनहा गांव निवासी इस्माइल द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी किए जाने की जानकारी मिली थी। सूचना के आधार पर, उपनिरीक्षक सूरज सिंह ने रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत, उपनिरीक्षक दीनानाथ भास्कर और अब्दुल कादिर खान के साथ मिलकर चकिया रोड पर स्थित एक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर छापा मारा। टीम ने इस्माइल को हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से 6 किलो 770 ग्राम चरस बरामद हुई। थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपये है। आरोपी इस्माइल के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चे को शिकार बनाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस



बहराइच, समृद्धि न्यूज। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के मटेही इलाके में दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। नवीनपुरवा गांव में एक बालक को अपना शिकार बनाने वाले इस तेंदुए को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान को शनिवार को सफलता मिल गई। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए नवीनपुरवा गांव के पास पिंजरा लगाया था, जिसमें बकरी को चारे के रूप में बांधा गया था। डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित के निर्देशन में निशानगाड़ा रेंजर सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रहे थे। शनिवार को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और वन विभाग की टीम का आभार जताया। रेंजर सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को वन रेंज कार्यालय लाया जा रहा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद आदेशानुसार उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। साथ ही क्षेत्र में निगरानी भी जारी रखी जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सभी शिक्षकों के सहयोग से बनेगा निपुण ब्लाक : अनूप कुमार सिंह

▸ नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार



बहराइच समृद्धि न्यूज। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के आदेशानुपालन के क्रम में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने पटल सहायकों से वस्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा विकास क्षेत्र में चल रहे मध्यान्ह भोजन, छात्र उपस्थिति, नामांकन, युडायस अपडेटिंग, स्थानांतरित छात्रों के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त की और कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से आने वाले सत्र में निपुण ब्लॉक घोषित करने में पूरी ताकत लगाई जाएगी साथ ही साथ अपने ब्लॉक को जनपद में उच्च स्तर पर बेसिक शिक्षा को ले जाने में सभी शिक्षकों का साथ एवं सहयोग अति आवश्यक है। जिससे शासन के मंशानुरूप प्रदत्त कार्ययोजना कि शत –प्रतिशत सम्प्राप्ति प्राप्त की जा सके। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी लखनऊ निवासी होने के साथ–साथ लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएड की शिक्षा प्राप्त की, इसके पूर्व फर्रुखाबाद जनपद में खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर तैनात थे। इस आशय की जानकारी पूर्व एआरपी व उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र ने दी।

# के.बी. पेट्रोलियम डिगिहा का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

▸ नगर क्षेत्र में डीज़ल व पेट्रोल आपूर्ति का लिया जायजा




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद में विशेषकर नगर क्षेत्र में डीज़ल एवं पेट्रोल आपूर्ति का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ डिगिहा स्थित के.बी. पेट्रोलियम का औचक निरीक्षण कर प्रोपराईटर मनीष मातनहेलिया से डीज़ल एवं पेट्रोल की प्राप्ति एवं वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। श्री मातनहेलिया ने डीएम व एसपी को बताया कि उनके पेट्रोल पम्प पर डीज़ल के पम्प फ्रन्ट एरिया में स्थापित हैं। इस लिए नगरवासियों की सुविधा को देखते हुए पिछले कुछ दिनों में उनके द्वारा डीज़ल नहीं मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की ओर बड़े वाहनों द्वारा डीज़ल लेने से छोटे वाहनों को पेट्रोल लेने में असुविधा होती है।

जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के सम्बन्ध में श्री मातनहेलिया ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण घाघरा पुल का संचालन बन्द होने के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के ट्रांसपोर्ट वाहनों को जहां पहले 04 घण्टे का समय लगता था वहीं अब लगभग 07 घण्टे में वाहन पहुंच पाते हैं। उन्होंने डीएम व एसपी को बताया कि पिछली रात को 20 हज़ार लीटर पेट्रोल मंगवाया था। जिसका वितरण हो रहा है। डीएम ने श्री मातनहेलिया से अपेक्षा की जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार आमजन को वितरण किया जाय। वितरण कार्य में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। डीएम ने कहा कि पेट्रोलपम्प पर आने वाले 02 पहिया वाहनों को हेल्मेट पहनने के लिए जागरूक भी करें।

# मानवता की मिसाल : समाजसेवी के सहयोग से गरीब परिवार की बेटी की शादी संपन्न

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

▸ आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार को मिला सहारा, क्षेत्र में सराही जा रही पहल

तहसील क्षेत्र के चमरूपुर बाजार से एक प्रेरणादायक और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक समाजसेवी की पहल पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराया गया। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी मुन्नी लाल, जो बोलने में असमर्थ हैं, उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। घर की पूरी जिम्मेदारी उनकी पत्नी के कंधों पर है, जो स्थानीय गौशाला में मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण–पोषण कर रही थीं। सीमित आय के कारण रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल था, ऐसे में बेटी की शादी परिवार के लिए सबसे बड़ी चिंता बनी हुई थी।

इसी बीच परिवार की स्थिति की जानकारी मिलने पर समाजसेवी जाहिद जदरान ने मानवता का परिचय देते हुए मदद का हाथ बढ़ाया। उन्होंने अपनी संस्था 'जदरान हेल्प फाउंडेशन' के माध्यम से न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान किया, बल्कि विवाह की पूरी व्यवस्था भी अपने स्तर से सुनिश्चित की। उनके सहयोग से बेटी की शादी पूरे रीति–रिवाज और सम्मान के साथ



संपन्न कराई गई, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली।

इस पहल की जानकारी जैसे ही क्षेत्र में फैली, स्थानीय लोगों ने इसकी सराहना की। लोगों का कहना है कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं।

समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों, जिनमें डीके यादव, रंजीत गुप्ता, एडवोकेट अफजल सिद्दीकी, डॉ. नफीस, डॉ. इलियास और मनीष कौशल शामिल हैं, ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सक्षम लोगों से अपील की कि वे भी आगे आकर जरूरतमंद परिवारों की मदद करें, ताकि कोई भी आर्थिक अभाव के कारण अपनी जिम्मेदारियों से वंचित न रह जाए। यह घटना न केवल एक परिवार के लिए राहत लेकर आई, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, करुणा और मानवता की भावना को भी मजबूत करने का कार्य किया है।

# चौंकाकला-माधवपुर की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधक परियोजना का शुभारंभ

▸ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तटवर्ती क्षेत्रों को मिल रहा सशक्त सुरक्षा कवच, राप्ती नदी के कटान से गांवों की सुरक्षा को मिलेगी मजबूती

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद बलरामपुर में विकास एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में माननीय विधायक तुलसीपुर श्री कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम चौंकाकला एवं माधवपुर में राप्ती नदी के कटान से सुरक्षा प्रदान करने हेतु प्रस्तावित कटाव निरोधक परियोजना का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा तटवर्ती एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जनपद में कटान एवं बाढ़ से बचाव हेतु कई प्रभावी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस परियोजना के पूर्ण होने से ग्राम चौंकाकला एवं माधवपुर के निवासियों को स्थायी राहत मिलेगी तथा उनकी भूमि एवं आवास सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को कहा कि




कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। परियोजना के संबंध में बाढ़ खंड के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से जियोबैग, पिचिंग एवं तटबंध निर्माण जैसे कार्य कराए जाएंगे। यह कार्य आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे संभावित बाढ़ एवं कटान से जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को रोका जा सके। कार्यक्रम में संबंधित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अर्बन चैलेंज फंड से शहरों के कायाकल्प का मार्ग प्रशस्त : शर्मा

- नई दिल्ली में अर्बन चैलेंज फंड' पर मंथन, विकास की प्राथमिकताओं पर बनी रणनीति
- ऊर्जा मंत्री ने अर्बन चैलेंज फंड से संबंधित बैठक में किया प्रतिभाग
- उत्तर प्रदेश के शहर बनेंगे 'ग्रोथ इंजन'




**लखनऊ/नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**


नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में कल देर शाम इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में अर्बन चैलेंज फंड' से संबंधित रणनीतिक विचार-विमर्श बैठक में शामिल हुए। बैठक में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारण, निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा निधियों के समयबद्ध निर्गमन सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अर्बन चैलेंज फंड के तहत निर्धारित 1 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता देश के शहरी विकास को नई दिशा देने वाली ऐतिहासिक पहल है। यह फंड राज्यों एवं शहरों को 'आर्थिक विकास केंद्र' के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, यूसीएफ के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र, नगरसेवाओं का डिजिटलीकरण, ड्रोन आधारित अतिक्रमण प्रबंधन, ट्रांजिटओरिएंटेड डेवलपमेंट, डंपसाइट पुनर्वास, अपशिष्ट प्रबंधन, विरासत संरक्षण एवं स्ट्रीट लाइटिंग परियोजनाएं शहरों की कार्यक्षमता और जीवन गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाएंगी।यह पहल शहरी अवसंरचना को सुदृढ़ करेगी, रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और सतत विकास को गति देगी।

श्री शर्मा ने भरोसा जताया कि केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश के शहर आधुनिक, सुव्यवस्थित और आत्मनिर्भर बनेंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, प्रमुख सचिव नगर विकास पी गुरु प्रसाद, अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरी विकास क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# अयोध्या में शिव मंदिर पर 29 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे सीएम योगी





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आगामी वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 29 अप्रैल को शाम 5 बजे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में दर्शन कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में 700 मेहमान शामिल होंगे।

मेहमानों को रंगमहल आश्रम रामकोट की ओर से अमावा राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर की ओर से और बिरला धर्मशाला के सामने जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार से प्रवेश मिलेगा। वहीं पार्किंग व्यवस्था टेढ़ी बाजार चौराहे पर अरुन्धती भवन पार्किंग, टेढ़ी बाजार से गोकुल भवन की ओर और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के पास की गई है।

अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें भी सुरक्षा में तैनात रहेंगी। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू बने नीति आयोग में सदस्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर केवी राजू को केंद्र सरकार ने अहम जिम्मेदारी दी है। उन्हें नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के बाद की गई है। प्रो. केवी राजू सहित अन्य विशेषज्ञों को भी कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।सरकार ने अशोक कुमार लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। यह टीम नीति निर्माण और देश की आर्थिक दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।प्रो. केवी राजू पिछले करीब नौ वर्षों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे थे। वह कर्नाटक के मुख्यमंत्री के भी आर्थिक सलाहकार रहे हैं।

### सड़क हादसे में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र में आज रविवार सुबह सड़क हादसे में होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने जा रहे युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आज ही मृतक की बहन की विदाई हो रही थी। वह कल बारात के स्वागत के बाद आज पेपर देने जा रहा था। मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र स्थित गौरा करौंदी गांव के अनुभव सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह मां–बाप का इकलौता था। अपने चचेरे भाई कुलदीप सिंह के साथ बाइक से रायबरेली परीक्षा देने जा रहा था। सुबह करीब जब वे निगोहां के भगवानपुर गांव के पास पहुंचा, तभी उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनुभव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी भेजा और शव को कब्जे में ले लिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन रोते–बिलखते मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इन्कार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। शनिवार को ही अनुभव की बहन आकांक्षा की शादी हुई थी और रविवार को उसकी विदाई होनी थी। विदाई के वक्त ही भाई की मौत की खबर घर पहुंची, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। अनुभव अपने परिवार का इकलौता बेटा था। परिवार में पिता राजेश, मां शीला और दो बहनें आकांक्षा और प्रिया हैं। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### बस के नीचे आने से बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के खदरा चुंगी के पास रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। रोडवेज बस से उतरते समय 72 वर्षीय बुजुर्ग की फिसलकर बस के नीचे गिर गए। इसी दौरान बस का पिछला पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान खदरा निवासी अवधेश मिश्रा के रूप में हुई। वह दिल्ली से लखनऊ बस से लौटे थे। खदरा चुंगी के पास बस से उतरते वक्त उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। तभी बस का पिछला पहिया, उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में पत्नी बिट्टन देवी (65) और तीन बेटे नवल किशोर मिश्र, पवन और शरद हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### रिटायर्ड इन्फॉर्मेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित रिजवा सम्मान समारोह आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा स्थापित रिटायर्ड इन्फॉर्मेशन जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित रिजवा सम्मान समारोह 2026 27 अप्रैल 2026 को सायं 4.00 बजे से पार्क रोड स्थित पं0 दीन दयाल उपाध्याय सूचना परिसर के ऑडीटोरियम में होगा। समारोह के दौरान पूर्व सूचना निदेशक रोहित नंदन को रिजवा अशोक प्रियदर्शी स्मृति सूचना सम्मान एवं पूर्व सूचना निदेशक डॉ0 अनूप चंद्र पाण्डेय को रिजवा उमेश कुमार सिंह चौहान स्मृति सूचना सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राघवेंद्र कुमार होंगे। इसके अतिरिक्त सूचना संवर्ग के 11 वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी सर्वश्री राज गोपाल सिंह वर्मा, अशोक कुमार शर्मा, अशोक कुमार बनर्जी, सै0 अमजद हुसैन, विजय राय, फौजदार माली, दिनेश कुमार सहगल, हामिद अली खाँ, ज्ञानवती, शिव प्रसाद भारती एवं दशरथ प्रसाद यादव को विभिन्न स्मृति सूचना सम्मानों से नवाजा जायेगा।

# विपक्ष अपने कार्यकाल को देखे जहां किसान, युवा सब परेशान थे : केशव

- उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के बुद्धेश्वर में कार्यकर्ताओं संग सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र स्थित डीबीएल लॉन, बुद्धेश्वर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनता के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और विकास के संकल्प को दोहराया।

प्रधानमंत्री के संबोधन पर मीडिया से वार्ता करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसान, खेल, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, गरीब कल्याण और युवा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि आज देश इन सभी क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

उन्होंने सपा सरकार प्रमुख पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 2012 से 2017 के मध्य उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान बदहाली के दौर में थे, उन्हें कोई राहत नहीं मिली। आज वही अखिलेश किसानों को बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार के सेवा और सुशासन के 9 वर्षों में व्यापक प्रगति हुई है। आज यूपी का किसान, महिला और युवा सभी खुशहाल हैं। उपमुख्यमंत्री ने चुनावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में प्रचंड बहुमत से भाजपा विजय होगी और सरकार बनाएगी।

केशव मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता के आशीर्वाद से 2027 में यूपी और 2029 में देश में बनेगी और विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को यह कड़वा सच हजम नहीं हो रहा है कि जनता एक बार फिर भारी बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**गाजीपुर घटना पर सख्त रुख**

गाजीपुर में हुई हालिया घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाला कोई भी अपराधी बच नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सुरक्षित औषधि के विषय पर द्वितीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

शिया महाविद्यालय की जंतु विज्ञान विभाग ने जड़ी-बूटी खोजने वाले जानवर, पौधों पर शोध और सुरक्षित औषधि के विषय पर द्वितीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया।उक्त सेमिनार उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश प्रयाग राज द्वारा प्रायोजित था।

इस सेमिनार में प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी, कुलपति, एरा मेडिकल विश्विद्यालय, लखनऊ ने हर्ब्स में पाए जाने वाले हानिकारक विषाक्त धातु पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर अमिता कनौजिया, विभाग अध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ने हर्ब्स की उचित प्रयोग पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर अजय बहादुर, प्रोफेसर सरवत तकी, प्रोफेसर नफीस नकवी, प्रोफेसर तैयब शमशाद नकवी ने अपनी शोध के निष्कर्ष साझा किया। प्रोफेसर शबीह रजा बाकरी, प्राचार्य शिया महाविद्यालय ने हर्ब्स और आयुर्वेद में शोध पर जोर दिया। इस सेमिनार में कई शोध कर्ताओं ने अपने शोध पत्र पढ़े जिसमे उत्कृष्ट शोध पत्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त बेगम जकिया तकी हसन अवॉर्ड, नवाब तकी हसन अवॉर्ड और डॉ आगा हादी मसीह अवार्ड दिए गए जिसमें तीन शोधार्थी को अलग अलग रुपए 1000 दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर सादिक अब्बास, डॉ अलका यादव अग्रवाल, डॉ सूचित स्वरूप, डॉ गौरव वाजपेई, डॉ शशिकांत, डॉ सुधाकर, डॉ आसिफ जाफरी, डॉ निखिल श्रीवास्तव और डॉ सतीश चंद्रा आदि उपस्थित रहे। इस सेमिनार के समन्वयक प्रोफेसर आगा परवेज मसीह ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ओबीसी की सही जातिवार जनगणना की मांग को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग मुखर

- सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने कई संगठनों के साथ मिल कर किया मंथन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की सटीक जातिवार जनगणना सुनिश्चित करने के लिए अपनी आवाज़ बुलंद की है। मंच के महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मंच पिछले 8 वर्षों से समाज के बौद्धिक वर्गों जैसे–पूर्व सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर, वैज्ञानिक, डॉक्टर, अधिवक्ता और व्यवसायियों के साथ मिलकर सामाजिक सुधार की दिशा में कार्यरत है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुर्मी समाज की जनसंख्या 12 प्रतिशत से अधिक है। यह समाज राज्य की लगभग 300 विधानसभा सीटों पर हार-जीत तय करने की क्षमता रखता है और वर्तमान में भी बड़ी संख्या में इस समाज के प्रतिनिधि सदन में मौजूद हैं। जनगणना 2026 की विसंगतियो के अंतर्गत भारत सरकार के महारजिस्ट्रार द्वारा 22 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली जनगणना के प्रारूप पर मंच ने आपत्ति जताई है। प्रारूप के क्रम संख्या 12 पर क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य से संबंधित है वाले कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग का स्पष्ट उल्लेख न होने से समाज में रोष है। मंच का मानना है कि इससे पिछड़ी जातियों की सही गणना नहीं हो पाएगी।

वार्ता के दौरान अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व आई.ए.एस. एवं संस्थापक संरक्षक, डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार, अध्यक्ष, रवीन्द्र सिंह गंगवार, वी.आर. वर्मा, मुनीश गंगवार, आर.एल. निरंजन, योगेन्द्र सचान, कुर्मी सभा लखनऊ से जय सिंह सचान, सरदार वल्लभभाई ट्रस्ट से श्री के.सी. वर्मा, पटेल प्रतिनिधि सभा, लखनऊ से श्री ज्ञान सिंह एवं अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा से योगेन्द्र सचान, छत्रपति शिवाजी शोध संस्थान से श्री राजबहादुर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सरकार से मांग की गई है कि ओबीसी जातियों के लिए जनगणना में अलग से कॉलम रखा जाए ताकि जातिवार आंकड़े स्पष्ट हो सकें। मंच ने कुर्मी समाज के लोगों से अपील की है कि जनगणना के समय वे अपनी उपजाति के साथ ÷कुर्मी÷ शब्द अवश्य लिखवाएं ताकि समाज की वास्तविक शक्ति का आकलन हो सके। इस मुहिम में मंच को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, कुर्मी सभा लखनऊ, छत्रपति शिवाजी संस्थान कानपुर और सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट लखनऊ जैसे प्रमुख संगठनों का पूर्ण समर्थन प्राप्त है।

# गाजीपुर कटारिया कांड पर गरमाई सियासत

- ओपी राजभर पहुंचे, दी मदद, 29 को जायेंगे अखिलेश

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

गाजीपुर जनपद के करंडा थानांतर्गत कटारिया गांव में कुछ दिन पहले विश्वकर्मा समाज की एक लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आया था। इस मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है।सपा और कांग्रेस ने मुद्दे पर बीजेपी पर हमला बोला और कहा उसे सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 29 अप्रैल को कटारिया गांव पहुंचकर पीड़िता के परिवार से मुलाकात करेंगे। उधर पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर आज रविवार को कटारिया गांव पहुंचे और प्रदेश सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को राहत प्रदान की।सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंत्री ओपी राजभर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के साथ डेढ़ बीघा जमीन के पट्टे के कागजात सौंपे। उन्होंने मुख्यमंत्री की ओर से भेजा गया पत्र भी परिवार को सौंपा। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद मीडिया से मुखातिब मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर पीड़ित और कमजोर वर्ग के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन दिया है और उसी क्रम में उन्हें सहायता राशि व जमीन का पट्टा दिया गया है।राजभर ने इस दौरान समाजवादी पार्टी और अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला।उन्होंने आरोप लगाया कि सपा जाति के आधार पर राजनीति कर रही है और प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है।

कौशांबी में यादव समाज के व्यक्ति द्वारा पाल समाज की लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया लेकिन वहां अखिलेश यादव नहीं पहुंचे। फतेहपुर में मुसलमानों द्वारा यादव समाज के व्यक्ति की पिटाई हुई, कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा। गाजीपुर का शांत माहौल बिगाड़ने के लिए समाजवादी पार्टी के लोग पथराव जैसी घटनाएं करवा रहे है। ओपी राजभर ने कहा-खाता न बही, जो अखिलेश कहें वही सही। याद रखें, उत्तर प्रदेश में योगी सरकार है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ओपी राजभर ने आगे कहा कि बहराइच, संभल, बरेली और मुरादाबाद में भी दंगे भड़काने की कोशिश की गई लेकिन सरकार की सख्ती के चलते नाकाम रहे। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे विदेश जाकर देश की छवि खराब करने का काम करते है।

# भाजपा अभी लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण दे, हमारा पूरा समर्थन : कांग्रेस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी पार्टी महासचिव अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि भाजपा अभी लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण दे, उसमें हमारा पूरा समर्थन है, लेकिन दिखावा मत करे। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के विचार विभाग की ओर से महिला आरक्षण अधिनियम सम्मान या छलावा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें प्रदेश भर से सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं।

पांडे ने इस मौके पर कहा, महिलाएं बराबर की हकदार हैं। कांग्रेस ने शुरू से महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनाना सशक्तीकरण की दिशा में बड़ा कदम था।

उन्होंने कहा, 2023 में महिला आरक्षण विधेयक कांग्रेस के समर्थन से पास हुआ, लेकिन भाजपा उसे लागू नहीं कर रही है। भाजपा अभी लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण दे, हमारा पूरा समर्थन है, लेकिन दिखावा मत करे, जनता सब जानती है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, हम महिलाओं के हक की लड़ाई लड़ेंगे। जो अपनी पत्नी को सम्मान नहीं दे सका, वह देश की महिलाओं को क्या सम्मान देगा?

राय ने कहा कि बीएचयू में छात्रा से दुष्कर्म करने वाले भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत भाजपा विधायकों ने किया, ये महिला सम्मान के नाम पर खिलवाड़ कर रहे हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायतों में महिला आरक्षण दिया, जिसका भाजपा नेताओं ने तब विरोध किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इंदिरा जी और सोनिया जी को अध्यक्ष बनाया, क्या भाजपा अगला प्रधानमंत्री या राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी महिला को बनाएगी? गोष्ठी में सामाजिक कार्यकर्ता नाइस हसन और विचार विभाग के चेयरमैन एच.एल. दुसाध ने भी विचार रखे।

## जीवन की वैवाहिक डोर में बंधी 151 कन्यायें



### मानव एकता एसोसिएशन ने आयोजित किया सामूहिक विवाह समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानव एकता एसोसिएशन के तत्वावधान में आज यहां श्रीराम लीला एवं दशहरा पार्क, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड में हुये सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 151 कन्यायें वैवाहिक जीवन की डोर में बंध गयी और नये जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत की। इसके साथ ही विवाहित जोड़ों ने कन्या भ्रूण हत्या न करने और नशामुक्ति का संकल्प लिया। भव्यता के साथ सम्पन्न हुये इस समारोह में सभी दूल्हों की बैण्डबाजों के साथ श्रीराम लीला एवं दशहरा पार्क, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड में पहुंचे जहां उनकी जीवनसंगिनियां इंतजार कर रही थी, विवाह स्थल पर पहुंचते ही सभी दुल्हों एवं उनके परिवारिकजनों का द्वारचार के बाद जयमाल की रस्म हुयी, तत्पश्चात मण्डप में विवाह की रस्में पूरी कर देर शाम सभी नवविवाहित कन्यायें अपने –अपने जीवन साथियों के साथ नयी जिन्दगी जीने के लिये रवाना हो गयी। इस समारोह में मानव एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष एलपी सिंह, एसोसिएशन के संरक्षक गौरव वर्मा, समाजसेवी व अधिवक्ता मोहित मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। समारोह के समापन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष एलपी सिंह ने इस सामूहिक विवाह समारोह की सफलता पर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुये अगले वर्ष और अधिक जोड़ों का विवाह कराने का संकल्प लिया।

**सराहनीय** — गंगा एक्सप्रेस-वे के साथ उभरेगा 'इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब'

# 12 जिलों में 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी

- 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर के रूप में विकसित कर रही योगी सरकार
- अब तक मिले 987 निवेश प्रस्ताव, 47 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर आईएमएलसी के रूप में विकसित किया है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए 47 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है।

योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी। एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं। इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है।

प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट में बदल देगी।

आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 'इंटेंट्स ऑफइन्वेस्टमेंट' प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ के निवेश की संभावना है। यह निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिंग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले आईएमएलसी नोड्स माल परिवहन को तेज और सस्ता बनाएंगे, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। कॉरिडोर 12 जिलों को सीधे जोड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय असमानता कम होगी। खासतौर पर हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ में औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। गंगा एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित नोड्स क्रमशः मेरठ : 10 किमी पर, 529 एकड़ हापुड़ : 54 किमी पर, 304 एकड़ बुलंदशहर : 2,798 एकड़ सबसे बड़ा क्लस्टर अमरोहा : 74 किमी पर, 348 एकड़ संभल : 100 किमी पर, 591 एकड़ बदायूं : 189 किमी पर, 269 एकड़ शाहजहांपुर : 255 किमी पर, 252 एकड़ हरदोई : 282 किमी पर, 335 एकड़ उन्नाव : 422 किमी पर, 333 एकड़ रायबरेली : 517 किमी पर, 232 एकड़ प्रतापगढ़ : 555 किमी पर, 263 एकड़ और प्रयागराज : 601 किमी पर, 251 एकड़ है।

# हर्षोल्लास के साथ नौ मई को मनाई जायेगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

रविवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना जिला लखनऊ की जिला कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान के आवास पर अमन विहार, न्यू हैदर गंज, लखनऊ में हुई।

बैठक की अध्यक्षता शिव राज सिंह ने की। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्ष व उल्लास के साथ मनाने के लिए कहा। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष योगेश सिंह सिसौदिया व बृजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री गुलाब सिंह सोमवंशी, जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान, जिला मंत्री शिवहरी सिंह, धर्मेंद्र सिंह गौर व मान सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट ने किया।

# कठिना नदी में नहाते समय किशोर की डूबने से हुई मौत

- चार घंटे बाद गोताखोरों ने शव किया बरामद
- कांठ के गांव बलीपुर से ढकिया राधा अपने दोस्त के यहां आया था किशोर
- रविवार को पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



दोस्त की बहन के जन्मदिन पर आए किशोर की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने शव को खोजकर नदी की गहराई से बाहर निकला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रविवार को बली पुर गांव में हुआ अंतिम संस्कार।

कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि कांठ थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी 16 वर्षीय सोविंद यादव पुत्र राम किशन तिलहर क्षेत्र के गांव ढकिया राघा निवासी दोस्त विकास यादव की वहन अनन्या के पांचवे जन्मदिन पर शुक्रवार को आया था। शनिवार दोपहर सोविंद दोस्तों के साथ कठिना नदी में नहाने गया था। इसी दौरान गहराई में चले जाने से वह डूब गया। उसके डूबने से चीखपुकार मच गई। ग्रामीणों की भरी भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही कोतवाल जुगुल किशोर पाल, बिरसिंग़ पुर पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप राजौरिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उधर स्थानीय गोताखोरों के प्रयास पर सोविंद का शव कुछ दूर आगे नदी की गहराई से बरामद हो गया। सोविंद के परिजन भी बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए हैं। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया है।

पोस्टमार्टम के बाद शव का रविवार को पुलिस की मौजूदगी में बली पुर गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। एसआई प्रदीप राजौरिया ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में डूबने ही मौत की पुष्टि हुई है।

## किशोर के रामगंगा में डूबने की आशंका में खोज जारी, पीएसी की फ्लड यूनिट तीसरे दिन भी नहीं लगा पाई सुराग

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** शुक्रवार को रामगंगा के किनारे पालेज की फसल देखने गए ग्राम हैदलपुर के भोगपाल कश्यप के 11 वर्षीय पुत्र अरुण का रविवार को तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा है। रामगंगा में डूबने की आशंका में पीएसी की फ्लड यूनिट मोटर बोट से रामगंगा में लगातार सर्च कर रही हैं। रामगंगा के हैदलपुर घाट पर लापता किशोर के परिजनों के अलावा ग्रामीणों का तांता लगा हुआ है। ज्ञात रहे कि बीते शुक्रवार को दुपहर लगभग दो बजे बालक अरुण रामगंगा के किनारे पालेज की फसल देखने को कहकर घर से गया था। शाम तक घर वापस नहीं आया। तब लापता बालक अरुण के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश शुरू की। तलाश के क्रम में बालक अरुण की चप्पल और कपड़े रामगंगा के किनारे रखे मिले थे। ग्रामीणों ने बालक अरुण के रामगंगा में डूबने की आशंका में परौर थाना पुलिस को सूचना दी। परौर पुलिस की सूचना पर पीएसी की फ्लड यूनिट और दमकल कर्मी रामगंगा में लापता बालक की मोटर बोट से लगातार तलाश कर रहे हैं। किंतु तीसरे दिन भी बालक का कोई पता नहीं चला है। बालक का कोई पता नहीं चलने पर पिता भोगपाल और मां ज्ञानदेवी का रो रोकर बुरा हाल है।



## अज्ञात पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव रामसागर रखिया की 30 वर्षीय आरती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आरती की शादी करीब सात वर्ष पूर्व गोला खीरी निवासी अनिल के साथ हुई थी। शादी के कई वर्षों बाद भी संतान न होने के कारण उसे ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई है। बताया गया कि बीते चार-पांच वर्षों से वह अपने मायके में रह रही थी और मानसिक रूप से काफी परेशान चल रही थी। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार शाम आरती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर घरवाले तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि एक महिला ने जहर खा लिया है, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। शब पीएम भेज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित बोलेरो हादसे का शिकार, पेड़ से टकराकर पलटी, पांच घायल

**खुटार, शाहजहांपुर।** गोला रोड हाईवे स्थित कोचर फार्म के निकट रविवार सुबह एक बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तेज गति से चल रही गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और पलटते हुए पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन चालक को चलते समय झपकी आ जाने की आशंका जताई जा रही है, जिससे गाड़ी पर से नियंत्रण खत्म हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग तुरंत राहत कार्य में जुट गए। घायलों में अफरोज (50) निवासी अलीगढ़, कब्रूप निशा (48), समीउल्लाह (55), चांद मियां (32) और मोसीम (25) निवासी लखीमपुर शामिल हैं। सभी लोग बोलेरो से लखीमपुर की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चांद मियां और मोसीम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली।

### बारात में चले लाठी डंडे, कई घायल, कोतवाली पहुंचकर हुआ समझौता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** शादी में डीजे बंद कराने को लेकर जमकर बवाल हुआ । इस दौरान दो पक्षों में लाठी डंडे चलने से कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी । लेकिन गांव के लोगों ने दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। गांव चांदपुर निवासी राम लड़ैते की बेटी की शनिवार को शादी थी। लड़की के मौसेरे भाई फर्रुखाबाद के कमालगंज के गांव शेखपुर रूस्तमपुर निवासी सनी ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसने डीजे बंद करा दिया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर जनरेटर ऑपरेटर श्याम सुंदर एवं उसके दर्जन भर अज्ञात साथियों ने उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने उसे तथा उसके भाइयों को लाठी डंडों से पीटा। इसी दौरान उसकी सोने की चेन भी टूट कर गिर गई। उधर चांदपुर गांव के तेजवीर ने बताया कि राम लडेते की बेटी की शादी में वह खाना बनाने का काम अपने सात साथियों के साथ कर रहा था । शादी में तंदूर नहीं लगवाया गया था। आरोप है कि शनि एवं उसके भाइयों ने तंदूरी रोटी को लेकर विवाद किया और उसे तथा उसके साथियों को पीट कर घायल कर दिया। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से समझौता कर लिया गया है।

### हाइवे पर ई रिक्शा से टकराई बाइक, मामा-भांजे हुए घायल, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर



**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर कच्छियानी खेड़ा के पास एक ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार मामा और भांजा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिलहरी के रहने वाले दीपक पुत्र छोटेलाल अपने मामा हरिश्चंद्र के साथ रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से किसी काम से तिलहर आ रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर आगे चल रहे एक ई रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी बाइक ई रिक्शा में पीछे से जा टकराई। घटना के दौरान बाइक सवार मामा और भांजे गिर कर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसके बाद उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। यहां दीपक की हालत गंभीर देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### टोल प्लाजा के कर्मचारी को अज्ञात बाइक चालक ने मारी टक्कर, घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जिला जौनपुर के थाना बक्सा के गांव दरियाव गंज निवासी सुरजीत उपाध्याय पुत्र कृपाशंकर पुवायां थाना के गांव सबली कटेली टोल प्लाजा पर कार्यरत है। रविवार को वाहन निकालते उन्हें किसी अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी टक्कर लगने से टोलकर्मी सुरजीत को काफी चोटे आई। वहां पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने उसे सीएचसी भिजवाया। चोटे गम्भीर न होंने के कारण उसका इलाज किया जा रहा है।

### थाने के चौकीदार को पीटने की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहाँपुर।** थाने में चौकीदारी करने वाले को उसके दबंग परिजनों ने घर में घुसकर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। गांव गोपालपुर तालुके नगरिया निवासी रामकिशोर पुत्र सिद्दार ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 24 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपने घर पर था। आरोप है कि इसी दौरान उसके परिवारी गण सर्वेश पुत्र वेदराम, संजीव, लुढकन पुत्र रामरतन व रामरतन पुत्र वेदराम घर पर चढ आये सभी ने उसे लाठी व डण्डो से मारा पीटा। आरोप है कि उक्त परिवारी लोग दबंग किस्म के लोग है। उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कार्यवाही करवाने पर गांव में न रहने देने धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार



**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो चोरों को हिरासत में लिया है। पुलिस टीम ने चोरी की गई एक मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना बण्डा निवासी के गांव सिंगापुर पनई निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह ने 25 अप्रैल को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल काला-बैंगनी रंग जिसकी रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 27 पी 7538 हसनापुर चक्की स्थित समर जन सेवा केन्द्र पास खड़ी थी जहां से उसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी लिया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस लगातार बाइक चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना बण्डा पुलिस ने घटना के तीसरे दिन 26 अप्रैल 2026 रविवार को ग्राम ददिउरी मार्ग के पास घेराबंदी कर एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम राजेश और दूसरे ने हरिओम निवासी इन्दलपुर थाना बंडा बताया। दोनों को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

# इफको स्टेट मैनेजर ने नैनो प्रयोग कर रहे किसानों से किया संवाद

- शाहबाजनगर के किसान मुनेंद्र के फार्म हाउस जाकर देखी लहलहाती फसलें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में एक दिवसीय भ्रमण पर लखनऊ से पहुंचे इफको स्टेट मैनेजर यतेंद्र तेवतिया ने डिप्टी जनरल मैनेजर एसपी सिंह व सीनियर मैनेजर वीके सिंह के साथ नैनो डीएपी व नैनो यूरिया प्रयोग कर रहे किसानों से मुलाकात की। किसानों ने नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी तरल उर्वरक के उपयोग से मिल रहे सकारात्मक परिणामों की जानकारी साझा की।

इफको स्टेट मैनेजर दौरे के दौरान शाहबाजनगर के किसान सर्वजीत व मुनेंद्र के फार्म हाउस पर पहुंचकर नैनो यूरिया-डीएपी को लेकर सीधा संवाद किया। साथ साथ खेतों में नैनो डीएपी व यूरिया के प्रयोग के बाद आ रहे, बदलावों को भी देखा। इस दौरान किसान मुनेंद्र सिंह ने बताया कि नैनो डीएपी तरल उर्वरक से बीज उपचार करने पर आलू , मक्का व बाजरा की पैदावार में वृद्धि हुई है। नैनो उर्वरक के छिड़काव से दानेदार खाद की खपत लगभग 50 प्रतिशत कम हो गई है। इससे खेती की लागत में कमी आई है और मुनाफा बढ़ा है। किसान सर्वजीत सिंह ने इफको के अधिकारियों को बतलाया कि यूरिया को लेकर बड़ा संकट बना रहता है, नैनो यूरिया से फायदा मिल रहा है। लगभग 3 साल से नैनो का प्रयोग कर रहे हैं, इस बार 100 एकड़ मक्का में भी नैनो से ही स्प्रे कराया है।



इफको स्टैट मैनेजर ने जनपद के सभी किसानों को नैनो तरल उर्वरक का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने उन्नतशील कृषि के लिए मार्गदर्शन भी दिया।उन्होंने बताया कि आज एक निरीक्षण में पाया कि यहां के किसान नैनो के प्रयोग को लेकर जागरूक है। किसान मुनेंद्र सिंह के बारे में सेल्समैन से पता चला कि इन्होंने 150 बोतल नैनो डीएपी ले गये,इसको जानने की जिज्ञासा हुई। जब फार्म हाउस पर आकर देखा तो पता चला कि इनके द्वारा 60-70 फीसदी नैनो का प्रयोग किया जा रहा है। फसलों को देखकर प्रसन्नता हुई। नैनों से पर्यावरण व मृदा का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस दौरान जनपद स्तरीय इफको का स्टाफ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# आधी रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे नवागत सीडीओ, किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में चार्ज संभालते ही नवागत सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी एक्शन मोड़ में नजर आने लगे हैं। उन्होंने चार्ज लेते ही जहां विकास कामकाजों की समीक्षा की। वही अचानक आधी रात राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं का औचक निरीक्षण को पहुंच गए, नवागत सीडीओ के निरीक्षण से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। उन्हेन ड्यूटी पर तैनात इमर्जेंसी मेडिकल ऑफिसर उपस्थित मिले। जिनसे इमरजेंसी में भर्ती मरीजों के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा भर्ती मरीजों की स्थिति की भी जानकारी ली। लगभग 25-30 मरीज इमर्जेंसी वार्ड में भर्ती पाए, डिस्पेंसरी में उपलब्ध दवा की जांच की, विशेष रूप से एक्सपायरी दवाओं का सत्यापन किया गया। मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति भी सुनिश्चित की गई। सीडीओ ने मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सीएमएस से वार्ता कर रात्रि के समय मेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज के छात्रों का विशेष रूप से सहयोग लिया जाए, जिससे न केवल उनके व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) चिकित्सा अनुभव में वृद्धि होगी, बल्कि आम जनता को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में भी सहायता मिलेगी।




# पेंशनर्स को 60,65,75 वर्ष की आयु में अतिरिक्त पेंशन देने की मांग

- वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स की मासिक बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर।** रविवार को चार बजे अपरान्ह में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की मासिक बैठक कोषागार के पेंशनर्स कक्ष में विजय शंकर पांडेय की अध्यक्षता एवम् जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी के संचालन में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य बिंदु मेडिकल रिंबर्समेंट के भुगतान को समयबद्ध रूप से कराए जाने पर विशेष बल दिया गया। इसका ज्वलंत उदाहरण सन्तोष कुमार दीक्षित सेवानिवृत्त संग्रह अमीन का प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि उनके हृदय की शल्य चिकित्सा के बिल करीब डेढ़ साल से अपर जिलाधिकारी वित्त के कार्यालय में आज भी तीन चिकित्सकों के पैनल की स्वीकृति के बाद भी भुगतान हेतु पड़े हुए हैं तथा कई विभागों के पेंशनर्स के बिल जो सालों से पड़े हुए हैं उन्हें तुरन्त भुगतान कराए की माँग की गई और यह भी कहा गया कि क्या जब पेंशनर्स की पैसा न मिलने के अभाव में देहान्त ही हो जायेगा, तब भुगतान होना निरर्थक हो जाएगा। इस बाबत संगठन के माध्यम से उच्चतम अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। पेंशनर्स को 65, 70, 75 वर्ष पर अतिरिक्त पेंशन क्रमशः 5, 10, 15 प्रतिशत, कोविड काल के 18 माह की रोकी गई मंहगाई राहत, परिवहन, नगर निगम बसों के किराए में छूट, गन्ना शोध परिषद के पेंशनर्स को पूर्व की भांति पूर्ण पेंशन, रोगों की रोकथाम हेतु दवाई का दैनिक छिड़काव, बैंकों, अस्पतालों में पृथक काउंटर, अपर निदेशक बरेली द्वारा स्वीकृत प्राधिकार- पत्र की प्रति सीधे पेंशनर्स को भेजने, सेवानिवृत्त शिक्षकों को नेशनल इंक्रीमेंट दिए जाने, पेंशन में राशिकरण की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष किए जाने, रेलवे छूट की सुविधा बहाल किए जाने, मंहगाई राहत नियमित कर्मचारियों की भांति निर्गत किए जाने तथा वित्त विधेयक 2025 में पेंशन से जुड़े प्रतिगामी संशोधन को तत्काल समाप्त किए जाने की पेंशनर्स द्वारा सरकार से मांगे उठाई गई। बैठक में पवन सिंह द्वारा पेंशनर्स को योग के माध्यम से अपनी दिनचर्या, खान-पान आदि को सही करने पर विशेष बल दिया गया तथा अंत में अध्यक्षीय भाषण देते हुए विजय शंकर पांडेय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आपस में एकता बनाए रखने की अपील की। बैठक में राजेश चंद्र शुक्ला, रवि शर्मा, चंद्र प्रकाश मिश्रा, हर प्रसाद पाण्डेय, रामेंद्र मिश्रा, पवन कुमार सिंह, विमलेश बाजपेई, उमेश चंद्र अवस्थी, मालती देवी, विजय लक्ष्मी दीक्षित, मीना कुमारी, आशुतोष जौहरी, सत्य देव कश्यप, सत्य देव शुक्ला, मुन्ना लाल शर्मा आदि ने सहभागिता की।

### सड़क हादसे में बाइक चालक घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव कलन्दरगंज निवासी पंकज पुत्र हरिपाल रविवार को बाइक से कपड़े की फेरी लगाने के लिए जा रहे थे। तभी गांव चुरहा के पास पेट्रोल पंप के किनारे लकड़ी भरा ट्रक खड़ा था। वहां पर मौजूद लाग का कहना है कि बाइक चालक ने ट्रक के पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कपड़ा व्यापारी पंकज की बाइक सड़क पर गिर गई जिस कारण उसको काफी चोटे आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुँचे परिजनों ने एम्बुलेंस को फोन करके बुलाया और घायल को सीएचसी लेकर आए। लेकिन चोटें गम्भीर होने के कारण डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। परिजनों का कहना है कि पंकज गांवों में फेरी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

# नगर निगम की अनदेखी से पानी की टंकियां बनी कबाड़

- राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाई गई थी टंकियां
- अधिकांश टंकियां व टोंटियां, पाइप गायब

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार जनहित में तमाम योजनाएं लागू करती है ताकि उसका लाभ आम जनमानस को हो सके, लेकिन वही सरकारी विभाग इन योजनाओं को शुरू कर देते हैं, लेकिन उसके रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। जिसका कारण ये है कि योजनाएं शुरू होने के कुछ दिनों बाद ही धरातल में चली जाती है और लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है।



विगत वर्ष नगर निगम ने भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये रोजा क्षेत्र में पांच स्थानों पर टंकियां लगवाई थी, लेकिन आज नगर निगम की उपेक्षा के कारण पानी की टंकियां कबाड़ बन गई है। अधिकांश टंकिया गायब हो गई हैं और जो एक दो बची हैं उनकी टोटियां और पाइप लोग उखाड़कर ले गये।

रोजा क्षेत्र में विगत वर्ष नगर निगम ने भीषण गर्मी को देखते हुए पांच सार्वजनिक स्थानों पर पानी की टंकियों की व्यवस्था कराई थी। बताते हैं कि पानी की टंकी लगने के चंद दिनों बाद ही ये टंकियां शोपीस बनकर कबाड़ में तब्दील हो चुकी है। अधिकांश टंकियों की टोंटियां गायब हो चुकी है, जबकि एक स्थान से टंकी ही लापता है। कुल मिलाकर सभी टंकिया अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। नगर निगम में राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए महाराणा प्रताप पार्क, हांडा कालोनी मोड़, सुमित्रा मोटर्स, निवाजपुर तथा रेती मार्ग पर सिमरईया मंदिर पर पानी की टंकी को लगवाया था। ताकि भीषण गर्मी में राहगीरों को पेयजल उपलब्ध हो सके। इस वर्ष भी गर्मी पूरे शबाब पर है। लोगों की हालत सूख रही है, पर टंकी से प्यास बुझाना तो दूर की बात, टंकी में पानी की एक बूंद भी लोगों को नसीब नहीं हो पाई। लोगों का कहना है कि जिस दिन से इन टंकियों को लगाया गया। उसके कुछ ही दिन बाद से आज तक टंकियों में न ही पानी भरा गया है और न ही उसकी कोई साफ सफाई हुई है। नगर निगम की लापरवाही के चलते टंकियों से उनकी टोंटियां गायब हो चुकी है और टंकियां कबाड़ बन गई है। अधिकांश टंकिया गायब हो गई हैं और जो एक दो बची हैं उनकी टोटियां और पाइप लोग उखाड़कर ले गये।

# मतभेदों को मिटाकर एकजुटता स्थापित करना हमारी प्राथमिकताः बखिया

- विधानसभा क्षेत्र में 50-60 हजार संख्या होने के बाद भी समाज के लोग हैं वंचित, राजनैतिक दलों में भागीदारी सुनिश्चित हो

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति पुरानी संस्था का नवीनीकरण पूर्व में हो चुका है।जिसको लेकर संगठन संरक्षक घासीराम सक्सेना, डा. राकेश सक्सेना, बनवारी लाल सक्सेना, काम्ता प्रसाद सक्सेना, राजेश सक्सेना व रामकुमार बखिया की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस सिविल लाइन स्थित श्री महाकाली होटल में आयोजित हुई। जिसमें संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई और संगठन को विधिवत स्थापित करने को अध्यक्ष पद का चयन किया गया। जिसमें विक्रान्त बखिया को अध्यक्ष, डा. जितेन्द्र सक्सेना को उपाध्यक्ष आनन्द सक्सेना को सचिव, सुरेन्द्र पाल सक्सेना सह-सचिव, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, कुंवर सिंह को ऑडिटर व पुष्पेन्द्र सिंह, प्रेम शंकर सक्सेना, राजेश बाबू सक्सेना, विशनपाल सक्सेना, नरेन्द्र सक्सेना आदि को सदस्य के रूप में शामिल किया गया हैं। संरक्षक मंडल ने प्रेस कांफ्रेन्स के माध्यम से समाज के मुख्य उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार, शैक्षिक उत्थान, एकता को बढ़ावा देना और अपने गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने पर जोर देगा। यह समाज पिछड़ा वर्ग में शामिल होने के उपलक्ष्य में विजय दिवस मनाता है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रांत बखिया ने कहा कि काकुत्स्थ समाज के प्रमुख उद्देश्य में समाज के बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में संघर्ष कर रहे परिवारों को सहायता प्रदान करना। उन्होंने कहा कि अभी बहुत सारी पार्टियों में जिला व महागनर कार्यकारियों का गठन हुआ, जिसमें हमारे समाज को अनदेखा किया गया है। हम कोर वोटर के रुप में क्यों कार्य करें।राजनीतिक भागीदारी हमारा अधिकार है, इसको लेने के लिए हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।उन्होंने आगे कहा कि नगर विधानसभा में समाज में लगभग 25 से 30 हजार व पूरे जिले में 50 से 60 हजार की संख्या होने के बाबजूद सत्ता में भागीदारी न मिलना यह दर्शाता है कि हम लोगों की अनदेखी की जा रही है। समाज में व्याप्त विभिन्न शाखाओं और मतभेदों को मिटाकर एकजुटता स्थापित करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी, ताकि सामूहिक रूप से समाज को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इच्छ्वाकु वंशज काकुत्स्थ जी महाराज के वंशज के रूप में शीघ्र अतिशीघ्र मूर्ति स्थापना करना। समाज के गरीब वर्गो की वास्तविक स्थिति को सुधारने के लिए जमीनी प्रयास करना यह उत्तर प्रदेश में काकुत्स्थ दर्जी समाज द्वारा अपनी सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए समाज के व्यक्ति से ही व्यापार करने पर जोर दिया जाएगा। जिसमें समाज समृद्ध एवं उन्नति कर अपने संगठन को मजबूत कर सके। जो भी राजनैतिक पार्टी हमारे समाज की भागीदारी सुनिश्चित करेगी, उसके साथ हम हाथ से हाथ मिलाकर आगे कार्य करेगें। प्रेस कांफ्रेस में रामकुमार बखिया पूर्व अध्यक्ष, डा. राकेश सक्सेना, कामता प्रसाद, राजेश सक्सेना, भगवानदास सक्सेना, चन्द्रेश बाबू सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, हरीश सक्सेना, अवधेश सक्सेना पार्षद, प्रदीप सक्सेना पार्षद, चंटू फोटाग्राफट, राजेश सक्सेना फोटाग्राफर, अमर सक्सेना, अनुज सक्सेना, अमन सक्सेना, बिल्लू सक्सेना, राहुल सक्सेना, आदि मौजूद रहे।

## आप को बड़ा झटका

पंजाब में विधानसभा चुनाव से सिर्फ दस महीने पहले, राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो–तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊर्जावान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे और अदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इसी कड़ी में भगवा पार्टी ने हाल के वर्षों में पंजाब के कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाबी पायी है। निश्चित रूप से राज्य सभा में आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति–नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं। जब चयन में आर्थिक प्राथमिकताएं होती हैं तो चयनित सदस्यों के निर्णय में भी लाभ–हानि का गणित ही प्रभावी रहता है। यहां सवाल कुछ सासंदों के कारोबारी छिद्रों पर सरकारी एजेंसियों का दबाव का भी है, जिन पर पिछले दिनों कार्रवाई भी हुई थी। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि शायद इस कार्रवाई के बाद विभिन्न कारोबार से जुड़े अन्य सांसद भी दबाव में आ गए। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की धुलाई मशीन से गुजरना ज्यादा सुरक्षित महसूस किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है। निश्चय ही इंडी गठबंधन के लिये अपने दलों को एकजुट रखना आने वाले दिनों चुनौती साबित हो सकता है।

# खाद्य प्रसंस्करण : किसानों की आय युवाओं के रोजगार व आत्मनिर्भर यूपी की नई पहचान

बी0 एल0 यादव

उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका का साधन नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा कृषि उत्पादक राज्य है, बल्कि विविध फसलों, फल, सब्जियों, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। इसी मजबूत आधार को और सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र को नई दिशा और गति दे रही है। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के माध्यम से किसानों, युवाओं और उद्यमियों के लिए आय और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यह पहल न केवल कृषि उत्पादों का मूल्य बढ़ा रही है, बल्कि 'फार्म से फोर्क तक' एक सशक्त, आधुनिक और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला भी तैयार कर रही है।

खाद्य प्रसंस्करण आज वह क्षेत्र बन चुका है, जहां किसान अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं और युवा रोजगार के साथ-साथ उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पहले जहां किसान अपनी उपज को कच्चे रूप में बेचने को मजबूर होते थे, वहीं अब प्रसंस्करण के माध्यम से उसी उत्पाद को मूल्यवर्धित कर कई गुना अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। टमाटर से सॉस, आम से जूस और पल्प गेहूं से पैकेज्ड उत्पाद, दूध से पनीर और अन्य डेयरी उत्पाद बनाकर बाजार में बेहतर कीमत प्राप्त की जा रही है।



राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी और विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता योजनाएं इस क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बना रही हैं। पूंजी निवेश पर अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट, बिजली दरों में रियायत और प्रशिक्षण सुविधाएं उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग इस क्षेत्र में निवेश और उद्यम स्थापना के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

सरकार की नीति का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय किसानो और दुग्ध उत्पादकों से सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय में सीधा इजाफा हो रहा है और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही इकाइयों को उच्च गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र और उत्पादन क्षमता के मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं, जिससे उद्योग में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे।

नीति के अंतर्गत फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, रेडी. टू. इंट और रेडी. टू. कुक उत्पाद, मसाले, मशरूम, शहद, सोयाबीन, कोको उत्पाद, गुड़ आधारित वैल्यू एडेड उत्पाद, फ्रूट जूस, डेयरी उत्पाद, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ और मछली चारा निर्माण जैसे विविध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। यह विविधता उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण के एक बड़े हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**सफलता की प्रेरक कहानियां:–** इस नीति का सकारात्मक प्रभाव अब जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ छोटे और मध्यम स्तर के उद्यमी भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र से सेवानिवृत्त विशेषज्ञ, उच्च शिक्षित युवा और विदेशों से लौटे प्रोफेशनल्स उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं।

जनपद अमेठी के इंजीनियर एस0 के0 तिवारी इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। 42 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ उन्होंने स्टार्च उत्पादन से संबंधित प्रोजेक्ट की स्थापना का निर्णय लिया है, जिसका उपयोग बिस्कुट और टॉफी जैसे उत्पादों में किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि राज्य सरकार की आकर्षक सब्सिडी और अनुकूल नीति ने उन्हें इस निवेश के लिए प्रेरित किया। उनकी तकनीकी दक्षता और अनुभव से न केवल उद्योग को मजबूती मिली, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

इसी प्रकार जनपद बुलंदशहर के युवा उद्यमी मुकुल भूषण गुप्ता द्वारा स्थापित श्शाकुंभरी ऑर्गेनिक एक्जिम एलएलपी भी एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने तिल, मूंगफली, गेहूं और दालों के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग और पैकेजिंग से संबंधित परियोजना में निवेश किया है। 20 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ उन्होंने इस क्षेत्र में कदम रखकर यह साबित किया है कि खाद्य प्रसंस्करण न केवल लाभदायक है, बल्कि यह किसानों और उद्योग के बीच एक मजबूत कड़ी भी है।

**महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों की भूमिका:–** खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं पापड़, अचार, मसाले, बेकरी उत्पाद, जैम, जेली और अन्य खाद्य उत्पादों का निर्माण कर रही हैं। यह उत्पाद स्थानीय बाजारों के साथ-साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

महिलाओं की इस भागीदारी से न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल रही है और सामाजिक स्तर पर महिलाओं का सम्मान भी बढ़ रहा है।

**कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स का विस्तार:–** खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कोल्ड स्टोरेज वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। फल और सब्जियों के खराब होने की समस्या को कम करने के लिए आधुनिक कोल्ड चेन सिस्टम विकसित किए जा रहे हैं, इससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने और उचित समय पर बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिल रही है।

सरकार द्वारा फूड पार्क, मेगा फूड पार्क और एग्री लॉजिस्टिक्स हब की स्थापना पर भी जोर दिया जा रहा है, इससे उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और कुशल बनाया जा रहा है।

**आर्थिक बदलाव की मजबूत धुरी:–** खाद्य प्रसंस्करण के विस्तार से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है। किसान अपनी उपज को सीधे बाजार में बेचने के बजाय मूल्यवर्धित उत्पादों के रूप में बेहतर दाम प्राप्त कर रहे हैं, इससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि हो रही है और बिचौलियों पर निर्भरता कम हो रही है।

युवाओं के लिए यह क्षेत्र रोजगार और स्वरोजगार का बड़ा अवसर बनकर उभरा है। आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप संस्कृति और सरकारी सहयोग के चलते आज का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन रहा है।

**निर्यात और वैश्विक पहचान की ओर कदम:–** खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के उत्पाद अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और ब्रांडिंग में सुधार के कारण निर्यात की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं, इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विदेशी मुद्रा अर्जित करने का अवसर भी मिल रहा है।

**विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम:–** उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल 'आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य हो रहा है, बल्कि प्रदेश को औद्योगिक और आर्थिक दृष्टि से भी नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आज उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। यह क्षेत्र किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार और उद्योग के विस्तार को एक साथ आगे बढ़ा रहा है। आने वाले समय में यह क्षेत्र न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

खाद्य प्रसंस्करण आज केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मजबूत माध्यम बन चुका है।

**लेखक से0 नि0 सहायक निदेशक हैं।**

विचार

# अमेरिका-ईरान युद्ध : ट्रंप के लिए निगलते बने न उगलते

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

भारत के खिलाफ हालिया टिप्पणी और उससे पलटने से यह साफ हो गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी सनक या आवेग में बिना सोचे-समझे टिप्पणी या निर्णय करते हैं और उससे पलटने में देरी भी नहीं करते। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर रेडियो होस्ट की टिप्पणी भारत और चीन को नरक का द्वार को रीपोस्ट करके विवादों में आ गए और भारत के कड़े विरोध और अमेरिका में ही पक्ष-प्रतिपक्ष की प्रतिक्रियाओं एवं नस्लीय टिप्पणी देखते हुए भारत को महान और दोस्त देश बताने में भी देरी नहीं की। ट्रंप ने हाल के महीनों में यह सिद्ध कर दिया है कि इतिहास में उनकी तरह का आवेश में निर्णय लेने, फिर उसके परिणामों से समूचे विश्व को संकट में डालने वाला दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। हिटलर या मुसोलिनी जैसे तानाशाहों के उदाहरण दिए जाते हैं पर ट्रंप इन सबसे अलग हैं। दुनिया के देशों को डराने-धमकाने और अपने ही निर्णयों से पलटने वाला उनके जैसा राष्ट्राध्यक्ष ढूंढने से भी नहीं मिलेगा।

एक बात ट्रंप को समझ लेनी चाहिए कि केवल अमेरिका फर्स्ट के नारे से दुनिया नहीं चल सकती। यही कारण है कि आज दुनिया के करीब-करीब सभी देश ट्रंप से गले तक भर आये हैं। अमेरिकी-ईरान युद्ध के चलते आज दुनिया के सामने संकट का जो दौर आया है उससे अमेरिका भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। एक तरफ ईंधन का संकट आ रहा है तो तनाव के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है, आने वाले समय में खाद्यानों सहित दवा व अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी से भी दुनिया के देशों को दो-चार होना पड़ जाएगा।



ट्रंप की रणनीति समझ से परे इस मायने में भी हो जाती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साथ अनके मोर्चे खोल लिए हैं और इजरायल की बात छोड़ भी दी जाए तो दुनिया का कोई देश आज ट्रंप की नीतियों, टिप्पणियों और गीदड़ धमकियों का पक्षधर नहीं हो सकता। दरअसल, आज ट्रंप ने समूची दुनिया को तनाव के दौर में धकेल दिया है। करीब सवा साल के दूसरे कार्यकाल में अमेरिका और दुनिया के देशों में अपनी स्वीकार्यता के सबसे निचले पायदान पर पहुंच चुके हैं। ईरान से टकराव के बाद केवल एक माह में ही स्वीकार्यता में दस प्रतिशत की गिरावट स्वयं सोचने को मजबूर कर देना चाहिए। अप्रैल की ताजा रिपोर्टस की बात की जाए तो न्यूयार्क टाइम्स के अनुसार 39 प्रतिशत, रॉयटर के अनुसार 36 प्रतिशत और एपी के अनुसार 33 प्रतिशत वैश्विक स्वीकार्यता रह गई है। यदि अमेरिका की बात करें तो आर्थिक नीतियों के चलते असंतोष मुखर होता जा रहा है। अधिकांश अमेरिकी, ईरान संघर्ष को लेकर भी ट्रंप की निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं। ट्रंप की नीतियां अमेरिका सहित दुनिया के देशों में अस्थिरता और तनाव पैदा करने वाली हैं।

ईरान को तबाह करने की घोषणा, ईरान के विद्युत एवं ऑयल संयत्रों को नष्ट करने की धमकी, हार्मुज जलडमरुमध्य को लेकर धमकी, फिर सीजफायर की बात करना और ईरान द्वारा समझौते की टेबल पर सकारात्मकता नहीं होने की स्थिति में अमेरिका की लगातार हेठी हो रही है। देखा जाए तो रुस-यूक्रेन युद्ध को हवा देने और फिर जेलेंस्की को धमकाने व जेलेंस्की की अमेरिका में ही ठेंगा दिखाना, अमेरिका के लिए कम शर्मनाक नहीं रहा। नाटों से हटने की धमकी, वेनेजुएला पर आक्रमण और वहां के राष्ट्राध्यक्ष के साथ व्यवहार, चीन के साथ व्यापार युद्ध, भारत को बार-बार टैरिफ गीदड़ भभकी, कनाडा का अमेरिका का राज्य घोषित करने, ग्रीनलैण्ड हथियाने का प्रयास, गाजा पट्टी, क्यूबा आदि से संबंधित ट्रांप की सभी भभकियां अबतक बेमानी साबित हुई है। उल्टे इन सबसे अमेरिका और ट्रंप की विश्वसनीयता में ही कमी आई है।

सवाल यह उठने लगा है कि अमेरिकी गीदड़ भभकियों का कुछ असर भी रहेगा या नहीं। क्योंकि आज छोटे-से-छोटे देश को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। आज यदि जंग छेड़ते हैं तो दो-चार दिन में फैसला हो जाएगा, यह सोचना गलत है। इसका उदाहरण रुस-यूक्रेन तो है ही अब ताजा उदाहरण अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष को देखा जा सकता है। लंबी जंग लड़ने की स्थिति में दुनिया का कोई देश नहीं है। आज ईरान से संघर्ष संघर्ष में अमेरिका को अधिक हानि उठानी पड़ रही है। ट्रंप ऐन-केन प्रकारेण जंग रुकवाने व सीजफायर के प्रयास कर रहे हैं। पर ट्रंप को यह सोच लेना चाहिए कि डर या धमकियों से नतीजा नहीं निकलने वाला है। दूसरा, ट्रंप के ट्रैक रिकार्ड को देखते हुए उनकी कही गई किसी भी बात पर लंबे समय तक विश्वास नहीं किया जा सकता। इसलिए ट्रंप को पहले विश्वसनीयता बनाने के ठोस प्रयास करने होंगे। दुनिया के देशों को विश्वास में लेना होगा। नहीं तो दुनिया के हालात दिन-प्रतिदिन गंभीर होने हैं और इसके लिए ट्रंप को इतिहास माफ नहीं करने वाला।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य



## टूटे भरोसे की रात

**संजय एम. तराणेकर**

*शहनाइयों की गूँज में, सपनों से सजी एक रात,*
*मेहंदी में रंगे अरमान, दिल में जीवन का साथ।*

*उस उजली दहलीज़ पे, अँधेरा कुछ उतर आया,*
*जिसने थामा हैं हाथ, वही विश्वास यूं तोड़ गया।*

*नैनों में थे कल ख़्वाब, आज सवालों से भर गए,*
*जिसे कहा अपना जग, वो ज़ख्मों में बदल गए।*

*यह एक कहानी नहीं, नारी पीड़ा की आवाज़ है,*
*सम्मान जहाँ टूटता है, इंसानियत भी लाचार है।*

*उठेंगे स्वर न्याय के लिए, खामोशी नहीं सहना,*
*हर आँसू का हिसाब हो, सच को राह है मिलना।*

*नारी जीवन का मान है, इसे कभी न गिरने देना,*
*जो टूटे हैं भरोसे कहीं, उन्हें फिर से जुड़ने देना।*





## राशिफल

**मेषः–** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृषभः–** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः–** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें

**कर्कः–** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः–** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः–** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः–** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः–** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः–** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः–** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभः–** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीनः–** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# परीक्षा परिणामों के लिए अकेले विद्यार्थी जिम्मेदार नहीं

*हृदयनारायण दीक्षित*

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा।भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या–क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, हे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्णकाल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े–पढ़ाए जाते थे।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहाँ सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।

संप्रति शिक्षा नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है। विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा 1 से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसके परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं। ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20–25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है। इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्यों की शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी।

भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय दुनिया भर में प्रसिद्ध थे। यहाँ दूर–दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं बल्कि चरित्र निर्माण भी था। मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहाँ एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुँचाया जाए। घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है। हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग है। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है। इसलिए सारा दोष बच्चों पर डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिन्तन होना चाहिए।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# एचएम इंटर कॉलेज डुडवा बुजुर्ग में लगा महिला स्वास्थ्य कैंप

- सिलाई-कढ़ाई से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर
- FICCI FLO और अपोलो की टीम ने दी ऑनलाइन व्यापार की ट्रेनिंग
- जुवैरिया शाह ने की कार्यक्रम की अगुवाई

समृद्धि न्यूज




**गुरसहायगंज कन्नौज।** डुडवा बुजुर्ग मे अवेयरनेस कार्यक्रम तहत रविवार को एक बड़ा महिला स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी की मौजूदगी में हुए इस खास आयोजन में महिलाओं के स्वास्थ्य, साफ-सफाई के साथ-साथ उन्हें सिलाई, कढ़ाई, बुनाई और कारचोब के काम में आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

**लखनऊ अपोलो की डॉ. निकिता और FICCI FLO की टीम पहुंची**

कार्यक्रम में लखनऊ अपोलोमेडिक्स की डॉ. निकिता ने महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं FICCI FLO लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन सिमरन साहनी अपनी पूरी टीम *पायल सिंह, सुबांकी शुक्ला, डॉ. एकता, अर्चना और अनुपमा भाटिया के साथ मौजूद रहीं। सिमरन साहनी की संस्था लखनऊ और देशभर में महिलाओं के लिए लगातार काम कर रही है।

**जिला पंचायत सदस्य जुवैरिया शाह ने किया आयोजन**

इस कार्यक्रम का आयोजन तहसीन सिद्दीकी की पत्नी एवं जिला पंचायत सदस्य जुवैरिया शाह ने किया। जुवैरिया शाह खुद भी FICCI FLO की सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि वे अगले दो साल तक FICCI FLO के जरिए क्षेत्र की महिलाओं के लिए काम करना चाहती हैं।

**ऑनलाइन व्यापार सिखाने पर रहेगा फोकस**

जुवैरिया शाह ने कहा, 'हमारा जोर इस बात पर है कि महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई और कारचोब के काम का सही मेहनताना कैसे मिले। इसके लिए उन्हें ऑनलाइन व्यापार करना सिखाया जाएगा।' अब इस क्षेत्र की महिलाओं को व्हाट्सएप, फेसबुक, फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोडक्ट बेचने की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी।

# फर्जी डीआईजी बनकर कॉल, फिर स्कूल पहुंची पुलिस

- स्कूल प्रबंधक ने लगाई जांच की गुहार

समृद्धि न्यूज

**छिबरामऊ, (कन्नौज)।** नगर के एक स्कूल प्रबंधक के पास देर रात मोबाइल पर कॉल आई जिस पर कॉल करने वाले ने अपने आप को डीआईजी बताते हुए उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बातचीत की। संदेह होने पर उन्होंने फोन काट दिया। इसके कुछ देर बाद एक पुलिस की गाड़ी उनके स्कूल पहुंची और वहां चौकीदार से उनके बारे में जानकारी की गई।

इस संदिग्ध गतिविधि से स्कूल प्रबंधक की हालत बिगड़ गई। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप कुमार प्रधान को गुरुवार रात एक संदिग्ध कॉल और उसके बाद हुई पुलिस की गतिविधियों ने गंभीर चिंता में डाल दिया। प्रबंधक के अनुसार, रात करीब 9:42 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्हाट्सएप वॉइस कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को डीआईजी बताया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बात की। जब प्रबंधक ने पहचान स्पष्ट करने को कहा तो वह व्यक्ति टालमटोल करता रहा और धमकाने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर प्रबंधक ने कॉल काट दी।

घटना यहीं नहीं थमी। रात लगभग 11:45 बजे तालग्राम रोड स्थित उनके विद्यालय परिसर में एक पुलिस वाहन पहुंचा।

वहां मौजूद चौकीदार से स्कूल के स्वामित्व और प्रबंधक के बारे में जानकारी ली गई। कुछ देर रुकने के बाद पुलिसकर्मी बिना कोई स्पष्ट कारण बताए वापस चले गए। बाद में चौकीदार ने पूरी घटना की जानकारी प्रबंधक को दी।

इस पूरी घटनाक्रम से प्रदीप कुमार प्रधान मानसिक रूप से काफी परेशान हो गए और रातभर असमंजस में रहे। उनका कहना है कि उनकी किसी से कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं है, ऐसे में इस तरह की कॉल और पुलिस की पूछताछ बेहद संदिग्ध लगती है।

मानसिक तनाव के कारण उनकी तबीयत भी बिगड़ गई।

प्रबंधक ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि उक्त नंबर को सर्विलांस पर लेकर कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि पुलिस वाहन उनके स्कूल क्यों पहुंचा और पूछताछ का आधार क्या था। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# क्रिकेट विवाद में युवक घायल, बाद में समझौते से बनी भाईचारे की मिसाल

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के सिकंदरपुर में क्रिकेट खेल के दौरान बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया। खेल के दौरान कहासुनी बढ़ी और कुछ युवकों ने एक युवक को क्रिकेट बैट से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कैश खान के सिर व आंख में चोटें आईं। उसे पहले सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बासु गुप्ता व सक्षम पांडेय को हिरासत में लेकर जांच शुरू की। मामले के दो समुदायों से जुड़े होने के कारण इलाके में तनाव का माहौल बन गया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के परिजनों ने समझदारी दिखाते हुए आपसी सहमति से विवाद सुलझा लिया।

# गौ-सम्मान आह्वान अभियान की संकीर्तन रैली आज



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु गौ सम्मान आह्वान अभियान की संकीर्तन रैली 27 अप्रैल सोमवार को गौ सम्मान दिवस) पर निकाली जाएगी। गौ सेवक रंजीत पांडेय ने आज सुबह जिला पंचायत अध्यक्ष के कैंप कार्यालय नगला लक्षीराम पहुंचकर प्रिया ओमकार सजकय को संकीर्तन रैली में शामिल होने का आमंत्रण दिया। गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने बताया संकीर्तन रैली पश्चिमी बाई पास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए तहसील परिसर तक जाएगी। उन्होंने कहा अभियान का उद्देश्य गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का आधार हैं। उनके संरक्षण, संवर्धन एवं सम्मान को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हेतु जन-जन में जागरूकता फैलाई जाए और समाज को इस पावन कार्य के लिए एकजुट किया जाए। 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान दिवस' के रूप में मनाते हुए भारत की 5000 से अधिक तहसीलों में ज्ञापन सौंपकर गौ माता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के साथ ही गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने एवं उनकी सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग भी की जाएगी।

# तालग्राम में स्वर्गवाहन व हाईमास्ट लाइट की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आदर्श नगर पंचायत तालग्राम में लंबे समय से स्वर्गवाहन (शव वाहन) की व्यवस्था न होने से लोगों को आपात स्थिति में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंतिम संस्कार के लिए शव को दाह स्थल तक ले जाने में परिजनों को दिक्कतें उठानी पड़ती हैं, जिससे क्षेत्र में असंतोष बना हुआ है। इसी समस्या को लेकर नामित सभासद जीतू प्रजापति ने भाजपा विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय से उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विधायक निधि से स्वर्गवाहन उपलब्ध कराने और छिबरामऊ रोड स्थित मां पंथवाली देवी मंदिर पर हाईमास्ट लाइट लगवाने की मांग की। विधायक अर्चना पाण्डेय ने दोनों मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सभासद ने आभार जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# तालग्राम के पंथ वाली देवी मंदिर के विकास की उठी मांग

- पर्यटन मंत्री से मिले एमएलसी व भाजपा नेता, सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** तालग्राम नगर पंचायत स्थित प्राचीन पंथ वाली देवी मंदिर के विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों ने पहल तेज कर दी है। क्षेत्र का यह प्रमुख आस्था केंद्र होने के बावजूद मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ती है। मंदिर में अब तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है। वहीं, श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। खास बात यह है कि तहसील की खतौनी में मंदिर देवस्थान के रूप में दर्ज है, जिससे इसके विकास की आवश्यकता और बढ़ जाती है। इन्हीं समस्याओं को लेकर एमएलसी डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरुजी' और भाजपा नेता विपिन द्विवेदी ने लखनऊ में पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शीघ्र विकास कार्य शुरू कराने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### डिवाइडर से टकराई बाइक, मां बेटा समेत तीन घायल

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ (कन्नौज)।** नगर के जीटी रोड हाईवे फर्रुखाबाद चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए हैं। बाइक सवार लोग रिश्तेदार की लड़की की शादी में शामिल होने सिकंदरपुर जा रहे थे। हादसे में मां बेटे समेत चचेरी बहन घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है। मैनपुरी जनपद के बेवर थाना अंतर्गत ग्राम नवादा नगला पैठ निवासी प्रवेश सिंह (24) पुत्र लाल बहादुर के सिकंदरपुर निवासी मामा रामकिशोर की बेटी कोमल की रविवार 26 अप्रैल को बारात आनी है। उस शादी समारोह में शामिल होने वह अपनी माता सुषमा देवी (45) और अपने चाचा की बेटी खुशबू यादव (18) पुत्री अर्जुन सिंह के साथ कस्बा सिकंदरपुर बाइक से जा रहे थे। जब वह फर्रुखाबाद चौराहे के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक पर बैठी सुषमा देवी और उनकी चचेरी बहन खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई। वहां स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल भिजवाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सुषमा देवी की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया है। जबकि खुशबू और प्रवेश सिंह का उपचार यही अस्पताल में चल रहा है।

### भीम आर्मी जिला अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी



**कन्नौज।** भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कर्ण को कथित रूप से करणी सेना के एक पदाधिकारी द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि धमकी देते हुए कहा गया, 'अब अपने लिए कफ़न तैयार कर लो, तुम्हारे दिन पूरे हो गए। इस घटना के बाद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। संगठन के मंडल उपाध्यक्ष पतिराम बौद्ध ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो जिले में चक्का जाम कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से जिला संगठन सचिव लालजीत जाटव, जिला संयोजक (आसपा) इमरान खान, जिला उपाध्यक्ष संजीव जाटव, देवेश कुमार, रिंकू, मोहित, सोनू, श्रीकांत, संतराम, सुमित वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, सनी, अरुण, कुलदीप, मोनू, धर्मेंद्र, रामप्रताप, अमर सिंह, बलराम, अविनाश, रमन, पवन, सुशील, पंकज कठेरिया, सोनेलाल यादव, सुमित कठेरिया, शत्रुघ्न, दीपक, अनूप, गोविंद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### होमगार्ड परीक्षा से लौटते समय हादसा, सभासद का पुत्र गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के हयात नगर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे भाजपा बूथ प्रमुख व सभासद जगदीश चंद्र दिवाकर का पुत्र अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। अभिषेक होमगार्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहा था। रास्ते में मित्र को छोड़ने के बाद वह अकेले लौट रहा था, तभी हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सुधार न होने पर उसे कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। अभिषेक परिवार का इकलौता पुत्र है और हाल ही में बहन की शादी हुई थी।

# बिजली विभाग के अधिकारियों ने गिनाए स्मार्ट मीटर के फायदे

- स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को करेंगे जागरूक



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में उपजे असंतोष को दूर करने के लिए अब अधिकारियों ने कमान संभाल ली है। अधिकारी स्मार्ट मीटर के फायदे गिना रहे हैं और अब उपभोक्ताओं को जागरूक करने की बात भी कह रहे हैं।

रविवार को अधिशासी अभियंता आरके भारतीय के कार्यालय में विद्युत वितरण क्षेत्र द्वितीय कानपुर के चीफ इंजीनियर कमलेश चंद्र आजाद व अधीक्षण अभियंता कन्नौज संघप्रिय गौतम पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में जो असंतोष पनपा है, उसको दूर करने के लिए उपभोक्ताओं से संपर्क किया जाएगा। मुहल्लों में जाकर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे गिनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पुरानी व्यवस्था की अपेक्षा नया स्मार्ट मीटर सिस्टम अधिक पारदर्शी है। यूपीपीसीएल स्मार्ट एप से बिजली के उपभोग, बिल, मीटर रीडिंग से लेकर सभी जानकारियां आसानी से उपलब्ध हो जाती है। स्मार्ट मीटर में कोई समस्या नहीं है। पहले मीटर रीडर घर जाकर रीडिंग लेता था, तब दिक्कतें अधिक थी। अब नई व्यवस्था व नई तकनीकि के चलते शुरूआत में कुछ दिक्कतें महसूस हो सकती हैं लेकिन यह व्यवस्था बेहतर है। उपभोक्ता को एप से बिजली के उपभोग, खर्च की हर रोज की डिटेल आसानी से घर बैठे मिल जाएगी।

# शादी के कार्ड पर सपा का रंग अखिलेश-डिंपल की तस्वीरों से बढ़ी चर्चा



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं का उत्साह एक अनोखे अंदाज में देखने को मिला। अहिरुआ राजा रामपुर निवासी समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन सिंह यादव ने अपने छोटे भाई अनुज यादव के विवाह का निमंत्रण पत्र सपा के रंग में छपवाया। शादी के कार्ड पर सपा अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की तस्वीरें प्रमुखता से प्रकाशित की गई हैं तथा उनकी फोटो के निचे 2027 के सत्ताधीश भी लिखा है। इस विशेष कार्ड की क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। जहां समर्थक इसे पार्टी के प्रति समर्पण का प्रतीक मान रहे हैं, वहीं कुछ लोग सामाजिक आयोजनों में बढ़ती राजनीतिक झलक के रूप में भी देख रहे हैं। युवा सपा नेता रोविन यादव ने बताया कि प्रदेश के कई प्रमुख नेताओं के वर वधू को आशीर्वाद देने कन्नौज आने की सम्भावना है।

# कन्नौज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा पर कड़ी निगरानी



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। तीन दिवसीय परीक्षा के दूसरे दिन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जनपद के मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज (मकरंद), केकेसीएन इंटर कॉलेज, के.के. इंटर कॉलेज कन्नौज तथा डी.एन. इंटर कॉलेज तिर्वा में परीक्षा आयोजित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड देखी और परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वारों व गलियारों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा गया। डीएम ने निर्देश दिए कि 27 अप्रैल को होने वाली दोनों पालियों की परीक्षा में भी हर गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी स्थिति में सीसीटीवी कैमरे बंद न हों। प्रवेश द्वारों पर सघन तलाशी, आधार सत्यापन व केवाईसी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी व अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# सालाना उर्स की तैयारियां शुरू, कन्नौज और फर्रुखाबाद के कव्वाल मचाएंगे धूम



- 29 अप्रैल को तिर्वा कोतवाली क्षेत्र व तहसील कन्नौज के मुरैयां बुजुर्ग गांव में होगा कब्बाली और भंडारे का आयोजन

समृद्धि न्यूज़

**कन्नौज।** सालाना उर्स को लेकर जोरदार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार उर्स में फर्रुखाबाद और कन्नौज के कब्बाल धूम मचाएंगे। कार्यक्रम के आयोजक और संयोजक मो. जाहिद शाह कादरी ने बताया कि, तिर्वा कन्नौज मार्ग पर स्थित मुरैयां बुजुर्ग गांव में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी खनकाय कादरिया सूफी दुर्वेश हजरत किफायत उल्लाह शाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर 29 अप्रैल बुधवार को उर्स का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उर्स में फर्रुखाबाद जिले के शमसाबाद के नामी कब्बाल मतलूब निया जी और कन्नौज के नामी कब्बाल मोबीन वारसी की टीम अपनी कब्बालियों से धूम मचाएंगे। आयोजक ने बताया कि, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अदीकतमंदो की भीड़ उमड़ने के चलते पर्याप्त व्यवस्थाएं भी किए जाने का सिलसिला जारी है।

इस दौरान कार्यकम स्थल के निकट मेले के आयोजन के अलावा भंडारे का आयोजन भी कराया जा रहा है।

गांव में उर्स के आयोजन को लेकर कब्बाली प्रेमियों में अच्छा खासा उत्साह नजर आ रहा है।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने 8 सूत्री ज्ञापन शिक्षा मंत्री को सौंपा

- 300 दिनों के उपार्जित अवकाश का नगरीकरण हो
- शिक्षा मंत्री के आवास पर महासंघ के पदाधिकारी ने किया स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।** अर्ह शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदोन्नति सेवा निवृत पर 300 दिनों के उपार्जित अवकाश का नगरीकरण आउटसोर्सिंग सेवा निगम को अति शीघ्र क्रियान्वन कर सेवा सुरक्षा दिए जाना निशुल्क चिकित्सी सुविधा सहित 8 सूत्रीय ज्ञापन शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने शिक्षा मंत्री को सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई। रविवार को शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं सक्रिय कर्मचारियों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आलोक सिंह चौहान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव सोलंकी एवं प्रदेश महासचिव श्री अवधेश मिश्र के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा श्रीमती गुलाब देवी के चंदौसी स्थित आवास पर पहुंचकर गुलदस्ता एवं रामलला का चित्र भेंट करके शिक्षणेत्तर महासंघ की आठ सूत्रीय मांगों का विनय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। आठ सूत्रीय मांगों में प्रथम योग्य एवं अर्ह शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदोन्नति दिए जाने, द्वितीय सेवानिवृत्ति पर 300 दिनों के उपार्जित अवकाश का नकदीकरण दिए जाने, तीसरा आउटसोर्सिंग सेवा निगम को अतिशीघ्र क्रियान्वित कर उनकी सेवा सुरक्षा एवं सम्मानजनक मानदेय दिए जाने, चतुर्थ निःशुल्क चिकित्सीय सुविधा दिए जाने, पंचम अप्रैल 2014 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के वेतन से सामूहिक जीवन बीमा की कटौती करवाए जाने, षष्ठम वेतन विसंगति दूर कराए जाने, सप्तम प्रबंध समिति में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्रतिनिधित्व दिए जाने एवं अष्टम पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग पुरजोर तरीके से पदाधिकारियों द्वारा रखी गयी, जिसपर शिक्षा मंत्री जी ने संगठन की प्रमुख एवं जायज मांगों को लेकर अधिकारियों से तत्काल वार्ता करते हुए न्यायोचित मांगों पर यथाशीघ्र कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया और महासंघ को आश्वस्त किया कि मांगों को अतिशीघ्र पूरा करवाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आलोक सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव सोलंकी, प्रदेश सचिव बद्री विशाल त्रिपाठी, राजेश कुमार त्रिपाठी, छत्रपाल, प्रभात मिश्रा, अरुणा बाजपेई, अनिल कुमार, शिव प्यारे रस्तोगी, संजय अस्थाना, अशोक यादव, राजेश कुमार, सद्दाम खान, संजय कुमार, आलोक शर्मा, हरपाल सिंह, अनिल रस्तोगी, दिगम्बर सिंह, सौरभ कुमार, राजेश कुमार, संजीव कुमार पाल, राकेश कुमार, सुरजीत सिंह, लवकुश भारद्वाज, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार शर्मा, दीपक गॉड, दिव्यांश शर्मा, अमित कुमार दुबे, श्रीकांत मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह यादव जी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, नीलमणि मिश्रा, पंकज वैश्य, श्याम प्रकाश मिश्रा, संजय सिंह सहित सैंकड़ों कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1586 मरीजों को मिला इलाज

समृद्धि न्यूज़



**कन्नौज।** जिले के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला सहित टीम ने विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। अधिकारियों के सतत भ्रमण से मेले का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

मेले में मरीजों को निःशुल्क जांच, उपचार व परामर्श दिया गया। इसके साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस 'बी' व 'सी' की जांच, टीबी की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण और आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में कुल 1586 मरीजों (708 पुरुष, 641 महिलाएं व 237 बच्चे) को लाभ मिला। आयुष्मान योजना के तहत 33 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। सभी केन्द्रों पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की मौजूदगी से मरीजों को त्वरित सेवाएं मिलीं।

# दीक्षांत समारोह में 470 रिक्रूट यूपी पुलिस का बने हिस्सा

▸ अपर पुलिस महानिदेशक एसके भगत ने बेस्ट रिक्रूटों को किया सम्मानित



परेड का निरीक्षण करते अपर पुलिस महानिदेशक



बेस्ट रिक्रूटों को सम्मानित करते अपर पुलिस महानिदेशक मौजूद एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अपराध शाखा के अपर पुलिस महानिदेशक एसके भगत रहे। दीक्षांत परेड में कुल प्रशिक्षण ले रहे 470 रिक्रूट आरक्षियों की कुल 12 टोलियों द्वारा पूरी साज-सज्जा के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। रविवार को प्रशिक्षु सिपाहियों ने पासिंग आउट परेड में कदमताल करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बने। रिक्रूटों की अनुशासित चाल और प्रस्तुति ने उपस्थित परिजनों और अधिकारियों को प्रभावित किया। इस दौरान सेवा, समर्पण और अनुशासन का संदेश दिया गया। आउटडोर और इनडोर की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद फर्रुखाबाद के प्रशिक्षण संस्थानों से कुल 470 प्रशिक्षु सिपाही यूपी पुलिस में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया में सफल हुए 60,244 अभ्यर्थियों में से लगभग 470 को फर्रुखाबाद के पुलिस लाइन और पीटीसी प्रशिक्षण केंद्रों में भेजा गया था। इनकी ट्रेनिंग 20 जुलाई 2025 से शुरू हुई थी। पुलिस लाइन में आयोजित परेड में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक एसके भगत ने सलामी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ पुलिस लाइन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव आरक्षियों को संबोधित किया और उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मजबूत और अनुशासित पुलिस बल के लिए बेहतर प्रशिक्षण आवश्यक है। खुली जीप में मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। इस दौरान एसपी आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित सीओ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम के दौरान एसपी ने रिक्रूटों को शपथ भी दिलाई। प्रथम कमांडर शिवांक तिवारी ने बताया कि माता-पिता के आशीर्वाद से आज हमें यह मुकाम मिला है। पिताजी हमारे खेती बाड़ी का काम करते हैं। बताया कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई थी। उसको हमने पूरी लगन और मेहनत के साथ परेड को संपन्न कराया।

मुख्य अतिथि एस0के0 भगत ने कहा कि आज की पासिंग आउट परेड और साज-सज्जा से जवानों की मेहनत, लगन और समर्पण स्पष्ट झलक रहा है। उन्होंने फतेहगढ़ पुलिस को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और इसे एसपी की पीओपी से किसी भी मायने में कम नहीं बताया। उन्होंने कहा नव आरक्षियों आपके लिए यह महत्वपूर्ण दिन और गौरवशाली दिन है। कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और समर्पण के बाद आप सभी प्रदेश पुलिस के सशक्त स्तंभ बनने जा रहे हैं। यह वर्दी आपको सम्मान देती है, लेकिन उससे कहीं अधिक आपको जिम्मेदारी भी सौंपती है। अब आप कानून न्याय और समाज की सुरक्षा के प्रतिनिधि हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस की असली ताकत आप जैसे जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले आरक्षियों पर ही निहित है। आप ही सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचते हैं। जनता और पुलिस के बीच में पहले संपर्क बिंदु आप ही होते हैं। आप ही वह चेहरा है जिससे जनता पूरे पुलिस विभाग का आकलन करती है। इसलिए, आपका आचरण भाषा और आपका निर्णय सीधे-सीधे पुलिस की छवि बनाता है। आज कानून व्यवस्था की चुनौतियां पारंपरिक नहीं रह गई है। साइबर अपराध डिजिटल फ्रॉड सोशल मीडिया पर अफवाह, तकनीकी रूप से संगठित अपराध यह हमारी नई चुनौतियां हैं। प्रशिक्षण के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेस्ट रिक्रूटों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अविचल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन संजय वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यशाला का वन विभाग ने किया आयोजन



बौद्ध प्रतिमा देकर मुख्य अतिथि सम्मानित करते विभागीय अधिकारी

▸ प्रधान मुख्य वन रक्षक लखनऊ सुनील चौधरी ने किया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान व कार्यशाला का वन विभाग द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील चौधरी आईएफएस प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष लखनऊ रहे। इनके अलावा अतिथि के तौर पर दीपक कुमार अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी लखनऊ, एन0के0 जानू मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल कानपुर एवं ज्ञानेन्द्र कटियार सेवानिवृत्त निदेशक सांख्यिकी द्वारा फर्रुखाबाद वन प्रभाग के अन्तर्गत मधुवन रिसोर्ट में वृक्षारोपण अभियान 2026 की तैयारी की समीक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ एवं किसानो की भागीदारी रही। इसके उपरान्त निनौआ वन विश्राम गृह के जीर्णोद्वार तथा नवनिर्मित टाइप 2 आवास का उद्घाटन किया गया एवं हरीशंकरी वाटिका पीपल, पाकड़ एवं बरगद की स्थापना की गयी। इसके उपरान्त प्रभागीय निदेशक कार्यालय के जीर्णोद्वार का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को भगवान बौद्ध की प्रतिमा देकर विभागीय अधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण किया और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर वन अधिकारियों के अलावा जिला पर्यावरण समिति की सदस्य सुमन श्रीवास्तव के स्थान पर प्रतिनिधि के तौर पर धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, कायमगंज रेंजर राजेश कुमार, फर्रुखाबाद रेंजर अनूप कुमार आदि वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री पांडेश्वर नाथ मंदिर में बंद कमरों और गंदगी पर भड़का विश्व हिंदू महासंघ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राचीन पांडेश्वर नाथ महाराज मंदिर परिसर में अव्यवस्थाओं, बंद कमरों और गंदगी की शिकायतों को लेकर रविवार सुबह विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंदिर पहुंचे। वहां कमरों में ताले लगे होने और परिसर में फैली गंदगी को देखकर सभी ने नाराजगी जतायी। जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला के साथ कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री के अलावा संगठन के मोहित दीक्षित, गोविंद अवस्थी, अमित गुप्ता, डा0 अजय बाजपेई, कृष्ण कुमार शाक्य, आलोक दीक्षित, शिखर मिश्रा, मधुर मिश्रा, भास्कर अग्निहोत्री, दीपांशु मिश्रा, अंकित मिश्रा, योगेंद्र नाथ मिश्रा सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंदिर परिसर में बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कमरों पर कब्जे और ताले लगे होने पर आपत्ति जताई। जिला अध्यक्ष ने मंदिर कमेटी के मंत्री अनिल त्रिपाठी से फोन पर बात की। बातचीत में सामने आया कि कमरों का शुल्क 251 रुपए लिया जा रहा है, लेकिन इस संबंध में त्रिपाठी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। मौके पर बुलाने पर उन्होंने बताया कि वह गाजियाबाद में अपनी पुत्री के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हैं, इसलिए उपस्थित नहीं हो सकते।



बैठक के दौरान हिन्दूवादी नेता

कमेटी के पदाधिकारी मनीष दीक्षित ने फोन पर खुद के बीमार होने की बात कहते हुए दो दिन बाद बैठक कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इसी दौरान सत्संग भवन में ताला लगे होने से परीक्षा देने आए छात्र-छात्राएं और उनके परिजन भीषण गर्मी में बाहर बैठे मिले। इस पर विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी आक्रोशित हो उठे। सूचना मिलने पर मनीष दीक्षित ने सत्संग भवन का ताला खुलवाया, जिससे लोगों को राहत मिली। मौके पर मौजूद अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने भी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंदिर में सफाई के लिए नियुक्त लोग कार्य नहीं कर रहे हैं, जबकि परिसर पर कब्जा किए हुए हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से कब्जा हटाने की मांग की। आनंद प्रकाश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है, बल्कि उद्देश्य केवल मंदिर की व्यवस्था सुधारना है। उन्होंने कहा कि मंदिर को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मधुमक्खियों के हमले से वरिष्ठ महिला की मौत

सुबह दूध लेने जाते समय मधुमि□खयों ने किया था हमला

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सकवाई में मधुमक्खियों के हमले से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सकवाई निवासी 60 वर्षीय सुधीरा देवी सुबह करीब 8 बजे घर से दूध लेने निकली थीं। जैसे ही वह पंचायत घर के पास स्थित नीम के पेड़ के पास पहुंचीं, वहां लगे मधुमक्खियों के छत्ते से अचानक झुंड निकलकर उन पर टूट पड़ा। हमले से घबराकर वह जान बचाने के लिए घर की ओर भागीं, लेकिन मधुमक्खियां उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गईं। महिला को बचाने के प्रयास में उनकी बहू सपना देवी, 11 वर्षीय नातिन परी और 5 वर्षीय शौर्य भी मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए। इसके अलावा आसपास के कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने धुआं कर मधुमक्खियों को भगाया। गंभीर रूप से घायल सुधीरा देवी को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना से मृतका के पुत्र रामप्रताप सिंह राठौर व नवीन आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



### महिला के लाखों के जेवरात रोडवेज बस स्टैण्ड से चोरी

आगरा से भाई की शादी में शामिल होने आयी थी पीड़िता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाई की शादी में शामिल होने रोडवेज से आ रही महिला के लाखों रुपये के जेवरात रोडवेज फर्रुखाबाद से चोरी हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार जनपद आगरा के हलवाई मोहल्ला निवासी मंजू गुप्ता अपने भाई उत्कर्ष की शादी में शामिल होने के लिए फर्रुखाबाद आ रही थीं। पीड़िता ने बताया कि उसके भाई की दो दिन बाद शादी होने वाली है। वह जरूरी सामान और जेवरात लेकर निकली थीं। आगरा से बेवर तक यात्रा करने के बाद उन्होंने फाउंड्री नगर डिपो की दूसरी रोडवेज बस पकड़ी। बस में एक सीट पर पहले से दो महिलाएं, दो बच्चे और एक पुरुष बैठे थे। मंजू गुप्ता भी उसी सीट पर बैठ गईं। उनके पास एक थैला था, जिसमें एक पर्स रखा था। पर्स में चार सोने की अंगूठियां, एक गले का हार और दो जोड़ी कान के कुंडल समेत लाखों रुपये के जेवरात रखे थे। फर्रुखाबाद के सेंट्रल जेल चौराहे पर उतरने के बाद जब वह घर पहुंचीं और सामान चेक किया तो पर्स गायब मिला। घटना का पता चलते ही वह परिजनों के साथ रोडवेज बस स्टैंड पहुंचीं और बस में साथ बैठे यात्रियों को पकड़ लिया।

पीड़िता ने उन्हीं पर चोरी का आरोप लगाया। सूचना पर रोडवेज चौकी इंचार्ज कपिल कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। उनके पास कोई जेवरात न मिलने पर पुलिस ने उक्त लोगों को जाने दिया। पुलिस ने पीड़िता को तहरीर देने की बात कही।

## चोरी की बाइक व तमंचा सहित दो गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो चोरों को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। कादरीगेट थानाध्यक्ष विशेष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन तथा रात्रि गश्त कर रही थी, उसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दो व्यक्ति जो मोटरसाईकिल/स्कूटी से आ रहे थे, को रोका गया जिनमें से एक ने अपना नाम अनमोल अग्निहोत्री तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम कृष्णा सोनी उपरोक्त बताया। दोनों व्यक्तियों के कब्जे से एक स्कूटी व एक मोटरसाइकिल तथा 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। थाना कादरीगेट पुलिस टीम द्वारा पूछताछ में दोनों अभियुक्तगणों की निशानदेही पर एक मोटरसाईकिल और एक स्कूटी भी बरामद की गई। पूछने पर बताया कि हम दोनों ने स्कूटी व मोटरसाईकिल भीड़भाड़ वाले इलाकों से चुराई थी। जिन्हें हम लोग छिपाकर रख रहे थे, ताकि इन्हे महंगे दामों पर बेच सके और अपने शौक व मौज कर सके, लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि हम लोग अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा रखते हैं।

## ट्रक की टक्कर से मां की मौत, बेटा बाल-बाल बचा

▸ शादी समारोह में शामिल होने जाते समय घटी घटना

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में शामिल होने जा रही महिला की ट्रक की टक्कर से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र बाल बाल बच गया। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। पुलिस ट्रक को थाने ले आई।

जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव सनाई निवासी बलराम यादव रविवार दोपहर बाइक से अपनी पचास वर्षीय मां राममूर्ति देवी के साथ क्षेत्र के गांव कमरुद्दीननगर स्थित अपनी मौसी के नाती की शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। दोपहर लगभग तीन बजे कंपिल अटैना मार्ग पर गांव राईपुर चिनहटपुर के निकट पुलिया पर सामने से ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा कुचल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बलराम बाइक सहित सड़क किनारे पड़ी मिट्टी पर गिर गया। जिससे वह बाल बाल बच गया। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। बलराम ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



घटना स्थल पर खड़ा डंपर

## घर के बाहर बंधी भैंस व बच्चों को चुरा ले गये चोर

▸ घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक और घटना सामने आई है। जहां चोरों ने बेखौफ होकर घर के बाहर बंधी भैंस और उसके पड्डे को रातों-रात चोरी कर लिया। खास बात यह है कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस की सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

मोहल्ला अंबेडकर नगर में रामेश्वर नाथ मंदिर के सामने रहने वाले उपदेश शर्मा के अनुसार, रोज की तरह उनकी भैंस और पड्डा घर के बाहर बंधे थे। शनिवार रात करीब 12 बजे उनका पुत्र अर्जुन घर पहुंचा, जिसने कुछ दूरी पर संदिग्ध लोगों को खड़े देखा, लेकिन उस समय किसी अनहोनी की आशंका नहीं हुई। परिवार के लोग छत पर सो गए। आरोप है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। पहले उन्होंने घर के कुत्ते को कुछ खिलाकर शांत किया और फिर आराम से भैंस और पड्डा खोलकर ले गए। सुबह जब परिवार को घटना की जानकारी हुई तो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। मंदिर के कैमरे में चोर एक वाहन के साथ पशुओं को ले जाते स्पष्ट नजर आ रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि घटना स्थल से चंद कदमों की दूरी पर पुलिस पिकेट की ड्यूटी रहती है, इसके बावजूद चोर आसानी से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के समय पिकेट पर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़ित का आरोप है कि थाने में शिकायत देने के बाद भी केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।



सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर

## ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस ट्रैक्टर व एक युवक को थाने ले आई। जनपद बदायूं के थाना उसहैत के गांव जटा निवासी शेमू खान रविवार दोपहर एक साथी के साथ अपने ट्रैक्टर से भूसा बेचने कंपिल आया था। वापस जाते समय युवक कंपिल अटैना मार्ग पर गांव कारव के निकट ट्रैक्टर से गिर गया। जिससे वह ट्रैक्टर के बड़े पहिए के नीचे दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथी ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। साथी ने बताया मृतक शेमू ही ट्रैक्टर चला रहा था।

## जरारी पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

26 मरीजों ने कराया परीक्षण



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज ब्लॉक स्थित पीएचसी जरारी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 26 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गई। ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों का पंजीकरण कर उनकी जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। मेले में स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही, जिसमें फार्मासिस्ट राजेंद्र कुमार, लैब टेक्नीशियन शहीद रजा, लैब टेक्नीशियन कोमल गौतम, एएनएम सरस्वती, संगिनी रिहाना और क्लीनर अमित कुमार शामिल थे। सभी ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। परीक्षण के बाद मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार दवाइयां दी गई कुछ मरीजों को आगे की जांच और विशेषज्ञ उपचार के लिए भी सलाह दी गई। स्वास्थ्य टीम ने मौसमी बीमारियों जैसे बुखार, सर्दी-जुकाम और संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताए।

## गांव मिस्तनी में भूमि विवाद में आया नया मोड़

▸ पुराने बसाव और स्वामित्व अधिकार से जुड़ा लग रहा है प्रतीत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है और राजस्व विभाग की ताजा जांच रिपोर्ट ने पूरे मामले की दिशा ही बदल दी है। शुरुआती शिकायत में अवैध कब्जे के गंभीर आरोप लगाए गए थे, लेकिन मौके पर की गई पड़ताल में तस्वीर अलग नजर आई। जांच के निष्कर्षों से यह मामला साधारण कब्जे का न होकर पुराने बसाव और स्वामित्व अधिकार से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। राजस्व टीम के अनुसार, गांव मिस्तनी में विवादित गाटा संख्याओं पर लगभग 20 से 25 वर्ष पुरानी आबादी के प्रमाण मिले हैं। कई स्थानों पर मकानों की नींव भी भरी हुई पाई गई। जांच के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि करीब 25 वर्ष पहले गंगा में आई बाढ़ के बाद वे यहां आकर बस गए थे। उनका यह भी कहना है कि उस समय भूमि स्वामी से आपसी सहमति से भुगतान किया गया था, हालांकि इसका कोई औपचारिक बैनामा नहीं कराया गया। रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया कि जिस जिला पंचायत सदस्य कृष्णपाल सिंह पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया था, उनका उक्त भूमि पर कोई प्रत्यक्ष कब्जा नहीं मिला।

## डीएम ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण, ईओ व सहायक अभियंता नगर पालिका का रोका वेतन

▸ नगर पालिका ईओ अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी

▸ अपेक्षित सूचनाएं न देने पर सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि व वेतन रोकने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर द्वारा कान्हा गौशाला सकबाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गौशाला का निरीक्षण करती डीएम

निरीक्षण में पाया गया कि गौशाला में कुल 461 गौवंश पशुगणना रजिस्टर में दर्ज हैं। गौशाला में 15 केयर टेकर तैनात हैं, जिनमें से 11 मौके पर उपस्थित पाए गए, जबकि 04 केयर टेकर अवकाश पर थे। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, टैगिंग रजिस्टर, चिकित्सा रजिस्टर, निरीक्षण रजिस्टर एवं वैक्सीनेशन रजिस्टर मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए। साथ ही गौशाला में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरे भी सही प्रकार से कार्यरत नहीं मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के समय अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा अग्रिम आदेश तक वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। गौशाला में गौवंश के लिए पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत 02 समर पानी की व्यवस्था हेतु उपकरण उपलब्ध पाए गए, जबकि 02 पानी की टंकियां निर्माणाधीन स्थिति में मिलीं। मौके पर उपस्थित केयर टेकर द्वारा अवगत कराया गया कि गौवंश को प्रतिदिन दो समय भूसा उपलब्ध कराया जा रहा है तथा लगभग 40 कुंतल हरा चारा प्रतिदिन दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के सहायक अभियंता विशाल सिंह भी उपस्थित रहे, किंतु वे अपेक्षित सूचनाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गौशाला की व्यवस्थाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए। केयर टेकरों की ड्यूटी दिन एवं रात्रि शिफ्ट में व्यवस्थित रूप से लगाई जाए। भूसा एवं दाने का पर्याप्त एवं सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। गौवंश को प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में हरा चारा उपलब्ध कराया जाए। सभी आवश्यक रजिस्टर अद्यतन रखते हुए निरीक्षण के समय उपलब्ध कराए जाएं। गौशाला परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पशुओं को छाया भी उपलब्ध हो सके। सी0सी0टी0वी0 कैमरों को तत्काल ठीक कराकर उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गौशालाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से दुरुस्त करते हुए नियमित निरीक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए जिससे गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में किसी प्रकार की कमी न रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस



नवाबगंज में छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिस

इसी क्रम में थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 96 मरीजों ने कराया उपचार



स्वास्थ्य मेले में मरीजों को देखते चिकित्सक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में कुल 96 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच भी की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया 10 टाइफाइड 10 शुगर के 14 सहित अन्य रोगों की जांच की गई। बलगम के 5 हीमोग्लोबिन के 3 एवं हेपेटाइटिस-बी के 3 डेंगू के 3 मरीजों की भी जांच कर आवश्यक परामर्श व दवाईयां दी गयी। मेले में मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इस अवसर पर डॉक्टर गौरव वर्मा, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार व पवन कुमार, लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल व पावनी तथा एएनएम मीना सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस जन आरोग्य मेले से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे लोगों में खासा उत्साह देखा गया। ग्राम दौलतियापुर, फखरपुर, बनारसीपुर मंझा, करनपुर दत्त, अमृतपुर, हुसैनपुर, बलीपट्टी, लीलापुर, हरसिंहपुर, राजपुर, गलारपुर, गनुआपुर, अल्हापुर, आदि गांवो से आये मोहनलाल, बृजपाल, रामबोली, राखी, सोनाली, चांदनी, उमा देवी, दीपिका, प्रीति, राम भरोसे, रामवीर, प्रखर, राजेश, कल्लू आदि लोगों ने बताया कि सप्ताह के प्रति रविवार को लगने वाले इस स्वास्थ्य मेले से उन लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है। निःशुल्क दवाइयां मिलने से उनके परिवार पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और जांच के उपरांत उन्हें दवाई मिल जाती है।

# 1 मई को नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी भगवान बुद्ध की शोभायात्रा



भगवान बुद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शाक्य मुनि भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा 1 मई को नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। भगवान बुद्ध की शोभा यात्रा कार्यकुंज का आयोजन शाक्य उत्थान समिति द्वारा किया गया है। शाक्य उत्यान समिति ने सभी शाक्य, कुशवाहा, मौर्य, सैनी एवं बौद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है। 2517वीं त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की भव्य शोभा यात्रा 1 मई को शाम 4 बजे नगर की बीबीगंज पुलिस चौकी के निकट से रवाना होगी। शोभा तिकोना पुलिस चौकी, चौक बाजार, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद होती हुई ठंडी सड़क स्थित श्यामा देवी शाक्य सभागार पर समाप्त होगी। शाक्य उत्थान समिति की ओर से आलू आढ़ती सेठ रामौतार शाक्य, नरेंद्र शाक्य, मिथुन शाक्य, अंकित शाक्य, सुरजीत शाक्य, कौशलेंद्र शाक्य, दीपक शाक्य, जयवीर शाक्य, अचल प्रताप शाक्य, जतिन शाक्यू, राजन शाक्य आदि आदि कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

# 1 मई को होने वाले संकल्प सम्मेलन को सफल बनाये जाने की बनी रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के द्वारा शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर लखनऊ में होने वाली 1 मई को आयोजित संकल्प सम्मेलन को सफल बनाने हेतु कार्यकारिणी की बैठक दीक्षित भवन कटियार कोल्ड स्टोरेज सातनपुर में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता राकेश कुमार सारस्वत ने की। संचालन प्रमोद कुमार दीक्षित ने किया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मोहम्मद ने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों कर्मचारियों के सामने पुरानी पेंशन बहाली की मुद्दा सरकार हल नहीं कर पायी और टीईटी अनिवार्यता का गलत कानून थोपने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूर्ण रुप से असंवैधानिक और अनियमित है। सरकार को संसद में विधेयक लाकर 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इस पूरे प्रदेश में मुक्त करना चाहिए। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने कहा कि जनगणना में खराब भोजन वितरित करने की आलोचना हो रही है। जनगणना कार्य के अवकाश में कराया जाना ठीक प्रतीत नहीं होता है। कार्य का अगस्त में आरंभ से करके नवम्बर तक कराया जाना चाहिए था। वृद्ध, विकलांग, गर्भवती महिलायें एवं बीमार कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त किया जाना चाहिए। मनोज कश्यप ने कहा कि प्रदेश के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सचिवालय की भांति 1800 की जगह 1900 रुपये किया जाये। कर्मचारियों के साथ शिक्षकों को भी वर्दीकरण की सुविधा जारी की जाये। शिक्षक कर्मचारियों की सामान्य बीमा धनराशि को 10 लाख रुपये की जाये। राममोहन भल्ला सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि कर्मचारियों एवं शिक्षकों को ऐप से मुक्त कर शिक्षक कार्य करने का अवसर दिया जाये। शिक्षकों से शैक्षिक कार्यों से अतिरिक्त अन्य कार्यों से मुक्त किया जाये। इस मौके पर जितेन्द्र कुमार, प्रवेश कुमार कटियार, मनोज कुमार, अशोक कुमार, अभिषेक राजपूत, सचिन कुमार, विक्रम सिंह राठौर, शिवकुमार, रणवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद शिक्षक व कर्मचारी

# डीएम ने उखरा स्थित निर्माणाधीन 400/220/132 केवी विद्युत पारेषण केंद्र का किया निरीक्षण

▸ समयावधि में कार्य पूर्ण करने के कार्यदायी संस्था को निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने मोहम्मदाबाद क्षेत्र के उखरा स्थित निर्माणाधीन 400/220/132 केवी विद्युत पारेषण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग रु0 926.77 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति का जिलाधिकारी ने गहनता से अवलोकन किया।



निर्माणाधीन विद्युत पारेषण केंद्र का निरीक्षण करती डीएम

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (पारेषण) ने अवगत कराया कि पारेषण केंद्र में 400 केवी की दो विद्युत लाइनें बदायूँ से तथा दो लाइनें उरई जनपद जालौन से जोड़ी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना का निर्माण कार्य मार्च 2024 में प्रारंभ हुआ था, जिसमें 400 केवी का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 220 केवी एवं 132 केवी स्तर के कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्य 31 मई 2026 तक पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अधिकारियों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि परियोजना के पूर्ण होने के उपरांत जनपद एवं कन्नौज को विद्युत आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा क्षेत्र में निर्बाध एवं सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए।

उन्होंने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाये जाने की गौसेवकों ने की मांग

▸ चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कस्बा अमृतपुर व नगला हूसा में गौसेवा आवाह्न अभियान के अंतर्गत गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर अभियान का अंतिम दिन चलाया गया। इस दौरान गौसेवकों ने लोगों से व्यापक समर्थन जुटाया और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया।

जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। गौसेवकों ने क्षेत्र में जन सम्पर्क किया। इस दौरान माइक से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाये जाने के संदर्भ में लोगों से आवाह्न किया।



हस्ताक्षर अभियान के दौरान गौसेवक व ग्रामीण

गौसेवक शिवम अवस्थी ने बताया कि अभियान के समापन के बाद सुबह लगभग 10 से 12 बजे के बीच उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति को संबोधित होगा। जिसमें गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौवंश की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी।


उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में बाहर से साधु-संतों के आने की भी संभावना है, जिससे कार्यक्रम को और व्यापक स्वरूप मिल सकता है।

अभियान में प्रमुख रूप से बिकल पाण्डेय, अन्नू दुबे, रोहित अवस्थी और शिवम अवस्थी सहित अन्य गौसेवकों की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजकों ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान की सूची भी ज्ञापन के साथ संलग्न की जाएगी, जिससे जनसमर्थन का प्रमाण प्रस्तुत किया जा सके।

## खबरें एक नजर में

### 20 घंटे बीत जाने के बाद भी नहीं सुचारु हो सकी विद्युत व्यवस्था

**भीषण गर्मी में जनता बेहाल, घरों में छाया अंधेरा**



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात 9 बजे लगभग से भीषण गर्मी में विद्युत व्यवस्था चारमरा गई। कमालगंज की आदि आबादी विद्युत व्यवस्था फेल होने से गर्मी में बहाल हो गई। नगर में आदि लाइट आ रही थी एवं आदि नगर में लाइट नहीं आ रही थी। कर्मचारी एवं अधिकारी जनता द्वारा बार-बार फोन लगाने पर भी फोन नहीं उठा रहे थे। जिससे पूरी रात नगर के लोगों को भीषण गर्मी में बितानी पड़ी। सुबह होने पर मात्र 1 घंटे के लिए विद्युत सप्लाई चालू की गई। उसके बाद तुरंत ही विद्युत व्यवस्था फिर से धड़ाम हो गई एवं नगर की लाइट चली गई। लोग पानी एवं अन्य जरूरत के लिए वाल्टी लेकर हैंडपंप पर भटकते हुए देखे गए। घरों में लगे जरूरत के विद्युत उपकरण इनवर्टर बैट्री चार्जिंग ना होने के कारण दगा दे गए। वहीं मदन चंद्र द्वारा बीती रात फोन नहीं उठाया गया। सुबह फोन उठाने पर नगर के परीक्षा केंद्रों पर चल रही परीक्षा का हवाला देकर उन्होंने बताया शाम को 5:30 बजे जब परीक्षा समाप्त होगी, तब कर्मचारियों को लगाकर विद्युत व्यवस्था बहाल करवा दी जाएगी। वही नागरिकों ने रोष जाहिर करते हुए कहा कि पूरी रात अधिकारी एसी में सोते रहे एवं कर्मचारी भी विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से चालू करने में नाकाम रहे, जिस जनता के पैसे से विद्युत कर्मचारी एवं अधिकारी वेतन उठाते हैं, वही जानता गर्मी में विद्युत सप्लाई न होने से उबल रही है। घरों में छोटे-छोटे बच्चे गर्मी से हल बी हाल हो रहे हैं। नगर में विद्युत ना होने से पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो गई है एवं अधिकारी मनमानी पर उतारू है, जबकि उच्च अधिकारियों द्वारा गर्मी में कम से कम कटौती के लिए बोला गया था, लेकिन जमीनी स्तर पर किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों पर उनका कोई आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है।

### जन आक्रोश प्रदर्शन में कमलावती आज लेंगी भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को कलेक्ट सभागार में महिला जन आक्रोश प्रदर्शन अभियान के अंतर्गत वार्ता का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह मुख्य वक्ता के रूप में रहेगी। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने दी है।

# आर्य समाज के सप्ताहिक यज्ञ सत्संग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग का अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप आयोजन किया गया। आध्यात्मिक कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर अपने जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।



हवन में आहूतियां डालते लोग

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। जिसमें आर्य समाज के विद्वान पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ के दौरान वातावरण वैदिक मंत्रों की गूंज से पूर्णतः पवित्र एवं ऊर्जावान बन गया। जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। सत्संग सभा में आचार्य ने सोलह संस्कारों के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति में संस्कारों का विशेष स्थान है, जो मनुष्य के जीवन को जन्म से लेकर अंत तक अनुशासित, शुद्ध एवं उद्देश्यपूर्ण बनाते हैं। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि तक के सभी संस्कार मनुष्य के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी संतानों के सभी संस्कार योग्य, विद्वान एवं अनुभवी पुरोहितों के माध्यम से विधिपूर्वक सम्पन्न कराएं, जिससे बालकों में प्रारंभ से ही श्रेष्ठ गुणों, नैतिक मूल्यों एवं धार्मिक आचरण का विकास हो सके। संस्कारित संतान ही परिवार, समाज एवं राष्ट्र के लिए एक आदर्श नागरिक बनती है और अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित करती है। सत्संग के अंत में सत्यार्थ प्रकाश का पाठ हुआ तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने वैदिक सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने तथा नियमित रूप से ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में सुरेंद्र कटियार, सार्थक, साहिल कुमार, हर्ष आर्य, राजन आर्य, उन्नति आर्या, वैष्णवी, अमृता पाण्डेय, सुरभि दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# गायत्री इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अर्पिता ने जिले का नाम किया रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुडगाँव देवी मे क्लास 11 की छात्रा अर्पिता भारद्वाज ने लखनऊ के चौक स्टेडियम मे चल रही स्टेट कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने जिले का नाम रोशन किया है। कोच पारस भारद्वाज ने बताया कि यह जनपद मे पहेली बार है कि किसी छात्रा ने नेशनल प्रतियोगिता (कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन) की प्रतियोग्यता के लिए अपना रास्ता बनाया। अर्पिता की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, डारेक्टर देवांश अग्रवाल, और प्रधनाचर्या राजकुमार शर्मा ने बधाई दी। इससे पहले वह नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल का नाम रोशन कर चुकी है। कोच पारस भारद्वाज को बधाई देते हुए कहा कि यह मेहनत का फल है। प्रतियोगिता में छात्रा ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने अभिभावकों के साथ जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया है।




विजेता छात्रा को मेडल पहनाते आयोजक

# डीएम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रखा बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का भ्रमण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। रखा बालिका इंटर कॉलेज में 240 के सापेक्ष 175 व राजकीय पॉलीटेक्निक में 240 के सापेक्ष 173 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रत्येक दिवस दो पालियों में संचालित हो रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रत्येक पाली में कुल 7104 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनके लिए सभी केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा की निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है, जो सतत निगरानी रखते हुए परीक्षा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालय प्रबंधकों एवं पुलिस बल को निर्देशित किया कि वे शासनादेश के अनुरूप पूर्ण गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम एसपी

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़-भाड़ पर नियंत्रण रखने के निर्देश भी दिए गए। जनपद प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंधन एवं कड़ी निगरानी के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न कराई जा रही है।

# शादी समारोह से घर लौट रहे दंपती को थार ने रौंदा, मौके पर मौत

- भाभी गंभीर रूप से घायल, 100 मीटर तक घिसटते रहे तीनों लोग
- भीखमपुर चौराहे पर रात एक बजे हुआ हादसा, चालक गाड़ी छोड़ फरार
- दो मासूम बच्चों के सिर से उठा माता-पिता का साया





**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के भीखमपुर चौराहे पर शनिवार/रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे एक भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। तेज रफ्तार थार कार ने बाइक सवार तीनों को टक्कर मारने के बाद करीब 100 मीटर तक घसीटा। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हैदराबाद थाना क्षेत्र की अज़ान चौकी अंतर्गत ग्राम बगहा कोरैया निवासी सतेन्द्र कुमार 40 पुत्र छेदा लाल अपनी पत्नी सरिता उर्फ रानी देवी 35 और भाभी मैना देवी 48के साथ शनिवार को महोली थाना क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर निवासी अपने मौसा गोकर्णप्रसाद की पोती की शादी में शामिल होने गए थे।

देर रात तीनों एक ही मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। रात करीब 1 बजे जैसे ही उनकी बाइक भीखमपुर चौराहे पर पहुंची और सड़क पार करने लगी, तभी मोहम्मदी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार कार संख्या यूपी 31 सीएन 4099 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग बाइक समेत थार में फंस गए और करीब 100 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास मौजूद राहगीर और पुलिसकर्मी दौड़े। काफी मशक्कत के बाद तीनों को थार के नीचे से निकाला गया। तब तक सतेन्द्र कुमार और उनकी पत्नी सरिता देवी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं मैना देवी के दोनों पैर फैक्चर हो गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मितौली पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घायल मैना देवी को तत्काल ओयल स्थित ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना को अंजाम देने के बाद थार चालक गाड़ी को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मितौली पुलिस ने थार को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है।

गांव के समाजसेवी सुखवीर वर्मा ने बताया कि मृतक सतेन्द्र चार भाइयों में सबसे छोटे थे। बड़े भाई का नाम टीकाराम, दूसरे भाई का नाम रामनरेश और तीसरे का नाम पंकज कुमार है। दूसरे नंबर के भाई रामनरेश की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सतेन्द्र खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे 17 वर्षीय बेटी आरुषी और 8 वर्षीय बेटे पार्थ को छोड़ गए हैं। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

## रामलीला मैदान में गौ सम्मान दिवस का आयोजन आज

**पलिया कलाँ खीरी।** गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था के सम्मान को लेकर पलिया कलाँ में सोमवार 27 अप्रैल 2026 को गौ सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे रामलीला मैदान में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को गौ माता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर गो सम्मान आह्वान स्वान अभियान के तहत जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा जिससे समाज में गौ सेवा और संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा प्रमुख मांग के रूप में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने तथा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की आवाज बुलंद की जाएगी। अभियान का मुख्य संदेश रखा गया है— पवित्रता, आस्था और संस्कृति का सम्मान — गौ माता की रक्षा ही है अभियान। इस आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, धर्मप्रेमियों तथा आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। गौरक्षक चिंटू पुरी ने सभी श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## खबरें एक नजर में

### हाईवे पर छिनैती, बाइक सवार दंपती घायल

**निघासन खीरी।** निघासन–बेलरायां हाईवे पर मोटे बाबा स्थान के पास रविवार को छिनैती की वारदात सामने आई। बाइक सवार पति–पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी पीछे से आए दो उचक्कों ने महिला के जेवर पर झपट्टा मारकर उसे छीन लिया। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बेलरायां निवासी राजू अपनी पत्नी सुलोचना के साथ निघासन की ओर जा रहे थे। मोटे बाबा स्थान के पास पहुंचते ही बाइक का पीछा कर रहे उचक्कों ने महिला के कमरबिछुआ पर झपट्टा मारकर छीन लिया और फरार हो गए। घटना के बाद बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे दंपति को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित दंपति कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाल अवधराज सेंगर ने मौके का मुआयना कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घटनास्थल सिंगाही थाना क्षेत्र में आता है। वहीं, सिंगाही थानाध्यक्ष दिलीप चौबे ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

### पराली जलने की सूचना गोदाम प्रभारी ने भेजी रिपोर्ट

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के नौगवा गांव में खेत में पराली जलने की सूचना सेटेलाइट से प्राप्त होने पर शनिवार को बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। घटना मौके गेहूं की पराली जली हुई लगभग 40 से पचास बीघा तक के किसान हरि प्रसाद, पारस नाथ, कौशल प्रसाद, रामनारायण, हरिशंकर ध्रुव प्रताप, विजय कुमार के खेत में पाई गई। किसानों का कहना है की विद्युत शार्ट सर्किट से खेत में पराली जली है जिसकी सूचना तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय को कार्रवाई हेतु आख्या प्रेषित किया गया है।कृषि विभाग के बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव ने किसानो से अपील है कि गेहूं की पराली खेत में नहीं जलाए जिससे वातावरण प्रदूषित होने के साथ–साथ मृदा में जीवित रहने वाले मित्र जीव एवं मृदा की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है।

### केबल वायर में फंसकर स्कूटी सवार अधिवक्ता घायल, विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में टीवीएस एजेंसी के सामने शनिवार की दोपहर स्कूटी सवार अधिवक्ता विद्युत केबल के वायर में फंसकर घायल हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने अधिवक्ता को उपचार के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी 50 वर्षीय अधिवक्ता जीतेन्द्र बहादुर सिंह राकेश स्कूटी से हलिया की तरफसे आ रहे थे की जैसे ही हथेड़ा गांव स्थित टीवीएस एजेंसी के सामने पहुंचे की विद्युत विभाग के अवर अभियंता रमाशंकर द्वारा गुलाब तिराहा से जले केबल वायर को सड़क पर फैलाकर खिचवा रहे थे की केबल वायर में अधिवक्ता की स्कूटी फिसलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए अधिवक्ता ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मौके पर पहुँचे एसआई शिवजी यादव व हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव ने घायल अधिवक्ता को उपचार के लिए हलिया स्थित एक निजी क्लिनिक पर लेकर आये जंहा पर अधिवक्ता का उपचार हुआ हैं। इस संबंध में अवर अभियंता रमाशंकर ने बताया की गुलाब तिराहा से पुल तक का केबल वायर बदलवाया जा रहा था की अधिवक्ता केबल वायर में फंसकर गिर गए है उनको भी केबल वायर का ध्यान देना चाहिए।

### एबीसी कंडक्ट केबल जलने से आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया विद्युत उपकेंद्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से अदवा नदी पुल तक एबीसी कंडक्ट केबल 120 एमएम जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना पर अवर अभियंता रमाशंकर व एसएसओ वीरेंद्र सिंह लाइन मैनो की टीम के साथ पहुंचकर जिला मुख्यालय से 120 एमएम केबल मंगाकर बदलवाया जा रहा है जिससे विद्युत आपूर्ति को बहाल कराया जा सके बीते तीन दिनों से केबल जलने के कारण बस्ती की आपूर्ति बाधित हुई है। गर्मी में अधिक लोड होने के कारण केबल जल गया है। इस संबंध में अवर अभियंता रमाशंकर ने बताया की हथेड़ा के गुलाब तिराहा से अदवा नदी पुल तक आपूर्ति के लिए लगाया गया एबीसी कंडक्ट 120 एमएम केबल अत्यधिक लोड होने के कारण जल गया था जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना पर केबल को बदलवाया जा रहा है जल्द ही विद्युत आपूर्ति को बहाल करा दिया जायेगा।

### जमुई में ट्रेन से कटकर 35 वर्षीय युवक की मौत

**चुनार(मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के जमुई के पास रात्रि 1.30 बजे रात्रि किसी ट्रेन से कटने की सूचना स्टेशन मास्टर डगमगपुर ने चुनार पुलिस को दी घटना स्थल पर रात्रि 2 बजे कजराहट चौकी इंचार्ज सदानंद सिंह मय पुलिस फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। सुबह तक काफी पहचान करने की कोशिश की गई पता नहीं चला। दोपहर में थानों पर सूचना देने के बाद पिता सुनील सिंह निवासी कोलनाथ थाना अदलहाट मिर्जापुर पहुंचकर शव की पहचान अपने पुत्र रक्षित सिंह (35) पुत्र सुनील कुमार सिंह के रूप में किया। पिता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मेरा बेटा ग्राम विकास अधिकारी के पद पर सीतापुर में था जो अवकाश पर घर आया हुआ था कल 24 अप्रैल 2025 शाम को घर से चुनार मार्केट के लिए निकाला था रात्रि तक घर वापस नहीं आया। पुलिस की सूचना पर आकर मय पहचान किया। मृतक की शादी 8 वर्ष पहले हुई थी जिसके एक बेटा 6 वर्ष का है। पिता ने थाने पर तारीख देकर बताएं कि इसमें किसी की कोई गलती नहीं है। कैसे रेलवे लाइन पर आया और ट्रेन से धक्का लगने से इसकी मौत हो गई।

### किशोरी के साथ अश्लील हरकत व उत्पीड़न करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** ग्राम दशरथपुर निवासी वादिनी द्वारा बीते 23 अप्रैल को थाना पट्टी पर तहरीर दी गई कि नामजद आरोपी द्वारा उनके घर में घुसकर उनकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत की गई। विरोध करने एवं शोर मचाने पर आरोपी द्वारा पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना पट्टी पर धारा 333, 74, 351(3) बीएनएस व धारा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(वी ए)एससी/एसटी एक्ट, धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम 01 नामजद अभियुक्त गामा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में थाना पट्टी पुलिस द्वारा रविवार को सटीक सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त गामा पुत्र करीम निवासी ग्राम दशरथपुर, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर हवाले जेल किया गया।

### हत्या का प्रयास में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक, दीपक भूकर के निर्देशन में थाना पट्टी पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों सचिन चौरसिया व विनय चौरसिया को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रेड़ीगारापुर बाजार से गिरफ्तार किया गया। बीते 25 अप्रैल को समय लगभग 03:30 बजे ग्राम रेड़ीगारापुर निवासी वादी के अनुसार मोहिनी तालाब के पास पूर्व नियोजित योजना के तहत कुलदीप चौरसिया, विनय चौरसिया, सचिन चौरसिया व संतोष यादव द्वारा अपाची बाइक से आकर वादी को पकड़कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया तथा बीच–बचाव करने आए विजय यादव व शिवम यादव को भी चाकू व डंडे से घायल कर दिया गया, जिससे शिवम यादव गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व रंजिश के चलते घटना अंजाम देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना पट्टी पर 04 नामजद अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी पट्टी आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में थाना पट्टी के उप निरीक्षक विजय यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित वांछित दो अभियुक्तों सचिन चौरसिया पुत्र विमल चौरसिया उम्र करीब 23 वर्ष व विनय चौरसिया पुत्र इन्द्रजीत चौरसिया उम्र करीब 24 वर्ष निवासी गण रेडीगारापुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रेडीगारापुर बाजार से गिरफ्तार किया गया।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी व बसुहरा गांव में शनिवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी रमाशंकर सिंह व कांस्टेबल राजेश मौर्य व होमगार्ड ज्ञानी नरेश द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# भीरा क्षेत्र में चोरों का तांडव: एक ही रात में दो घरों से लाखों की चोरी

- परिजनों को कमरे में किया बंद

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



भीरा थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर घरों को निशाना बनाया। देवरिया गांव और रडा चौराहा पर हुई इन घटनाओं में लाखों रुपये की नकदी, जेवरात व कीमती सामान चोरी कर लिया गया। एक घटना में चोरों ने परिजनों को कमरे में बंद कर वारदात को अंजाम दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

भीरा थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी हर्षित तिवारी पुत्र वीरेंद्र तिवारी के घर चोरों ने उस समय धावा बोला, जब परिवार के सदस्य गर्मी के चलते बिजली न होने के कारण छत पर सो रहे थे, जबकि माता-पिता घर के बाहर लेटे थे। तड़के करीब 3 बजे जब परिवार का एक सदस्य नीचे कमरे में आया तो अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व बक्सों के ताले टूटे हुए थे। घटना की सूचना सुबह 3:30 बजे पुलिस को दी गई, जिसके बाद करीब 4:40 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित के अनुसार चोर लगभग 3 लाख रुपये नकद, करीब 270 ग्राम सोने के जेवरात (चार हार, चार चेन, 25 अंगूठियां), डेढ़ किलो चांदी के सामान, एक लैपटॉप व एक नया मोबाइल लेकर फरार हो गए। दूसरी घटना रडा चौराहा निवासी मिथिलेश गिरी पुत्र बेंचेलाल गिरी के घर हुई। चोर घर के पीछे से चढ़कर अंदर घुसे और जीने का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने कमरे में सो रहे परिजनों को बाहर से बंद कर दिया, जिससे वे बाहर नहीं निकल सके। इसी दौरान घर में मौजूद संजना गिरी को आहट हुई, जिस पर उन्होंने तुरंत अपने पति बिपिन गिरी को फोन किया। हालांकि जब तक वह मौके पर पहुंचे, चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार चोर यहां से भी करीब 3 लाख रुपये नकद, एक सोने का हार, दो अंगूठियां, दो पेंडल, दो जोड़ी चांदी की पायल और 30 चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। एक ही रात में हुई इन दो बड़ी चोरियों से पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घटनास्थलों का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस ने जल्द खुलासा करने का दावा किया है।

### चौकी प्रभारी का पद खाली, गश्त पर उठे सवाल

गौरतलब है कि पडरिया तुला चौकी पर पिछले करीब एक माह से चौकी प्रभारी की तैनाती नहीं है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और पुलिस गश्त की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### बिजली कटौती भी बनी वजह

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में लगातार हो रही बिजली कटौती भी चोरी की घटनाओं को बढ़ावा दे रही है। बीते दो दिनों से पूरी–पूरी रात बिजली गायब रहने के कारण अंधेरे का फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई है।

# तेंदुए का आतंक: घर में घुसकर महिला को उठा ले गया, 50 मीटर दूर मिला शव

- एक महीने में तीसरी बड़ी घटना, ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



सिंगाही थाना क्षेत्र के सहिजना गांव में शनिवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। यहां एक तेंदुए ने घर में घुसकर 32 वर्षीय महिला संध्या देवी को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संध्या देवी अपने घर के बरामदे में बच्चों के साथ चारपाई पर मच्छरदानी लगाकर सो रही थीं। घर खुला होने का फायदा उठाते हुए देर रात तेंदुआ अंदर घुस आया और महिला को जबड़े में दबोचकर घसीटते हुए ले गया। परिजनों के शोर मचाने पर गांव में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीण लाठी-डंडे और टॉर्च लेकर मौके पर दौड़े और तलाश शुरू की। करीब 50 मीटर दूर खेत में संध्या देवी का शव खून से लथपथ हालत में मिला। तेंदुए ने उनकी गर्दन बुरी तरह नोच डाली थी। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ गुस्सा भी फैल गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिंगाही थानाध्यक्ष दिलीप चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं वन विभाग की टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने रेंजर भूपेंद्र सिंह चौधरी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को सुरक्षा घेरा बनाकर रेंजर को सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा। घटना से आहत परिजनों ने पहले शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और तेंदुए को पकड़ने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी राजू निगम और क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने परिजनों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन वन विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। लोगों ने तेंदुए को जल्द पकड़ने और गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। गौरतलब है कि सिंगाही क्षेत्र में पिछले एक महीने के भीतर तेंदुए के हमलों की यह तीसरी बड़ी घटना है। इससे पहले फुटहा फार्म और निबौरिया गांव में भी मासूम बच्चों की जान जा चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## थाना दिवस पर चार मामले का नहीं हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस सहायक चकबंदी अधिकारी हलिया हरिशचंद्र पटेल के देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल चार मामले राजस्व से संबंधित आये मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया है। मामले के निस्तारण के लिए राजस्व/चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है। जिससे मामले का निस्तारण किया जा सके सहायक चकबंदी अधिकारी ने कहा की थाना समाधान दिवस पर पड़ने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, एसआई शिवजी यादव, लेखपाल चकबंदी राजस्व के मौजूद रहे।

## हाई टेंशन खंभे से लटका मिला अधेड़ का शव

**अदलहाट (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के डेढौना गांव में बुधवार प्रातः रस्सी के सहारे हाई टेंशन विद्युत खंभे से लटका हुआ सन्दिध परिस्थितिओ में एक अधेड़ का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। थाना क्षेत्र के डेढौना गांव निवासी राजेश पटेल पुत्र शंकर पटेल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि उसका भाई जय कुमार पटेल उम्र 50वर्ष का शव शनिवार को अल सुबह 4 बजे गाव के पाश्चिम शिवान में हाइटेंशन बिजली के खम्भे में नायलान के रस्सी के सहारे संन्दिन्ध परिस्थितिओ में फासी से लटका हुआ मिला है।सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले ग्रामीणो की नजर जब लटके हुए आदमी पर पड़ी ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राजेश पटेल ने दिए तहरीर में मौत को संदिग्ध बताया है।

## खंभे में करंट से महिला झुलसी, एक बालिका की हो चुकी है मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** विद्युत उपकेंद्र बरौंधा से जुड़े बरौंधा हरिजन बस्ती में बिजली विभाग की घोर लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बस्ती में नंगे तारों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, बस्ती में लगे एक बिजली के पोल में लंबे समय से करंट उतर रहा है। इसी पोल की चपेट में आकर पिछले वर्ष रामबाबू की पुत्री प्रतिमा की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने न तो पोल बदला और न ही नंगे तारों को ठीक कराया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे एक और हादसा होते-होते बच गया। पूजा (30), पत्नी बालकृष्ण, अपने घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थीं। इसी दौरान पोल से उतरे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गई। स्वजन व ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें बरौंधा स्थित अर्श हास्पीटल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सक डा. महा नारायण भारती के अनुसार, महिला की हालत अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बताया जाता है कि बरौंधा पंचायत भवन के पास राम जियावन के घर के सामने लगे इस पोल से लगातार करंट उतर रहा है। इसके बावजूद बिजली विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। बस्ती में कई स्थानों पर जर्जर तारों को जोड़-पट्टी के सहारे चलाया जा रहा है।

## होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 के परीक्षा केंद्रों का एडीजी प्रयागराज जोन द्वारा औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज़।**



होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायन द्वारा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।एडीजी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड और कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को परखा और निर्देश दिए कि प्रत्येक अभ्यर्थी की गतिविधि पर डिजिटल माध्यम से पैनी नजर रखी जाए और तकनीकी निगरानी में कोई भी शिथिलता न बरती जाए।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को निर्देशित किया गया कि पुलिस, शिक्षा विभाग और केंद्र पर्यवेक्षकों के बीच निरंतर समन्वय बना रहे। परीक्षा केंद्र के आसपास कानून-व्यवस्था एवं यातायात सुचारू रखने हेतु अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# 56 दिन के काउंटडाउन पर योग जागरण का उत्साह

- 120वें रविवार को 54 सूर्य नमस्कार, साधकों का सम्मान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 56 दिवसीय काउंटडाउन के क्रम में योग रंजन फाउंडेशन द्वारा संचालित योग जागरण अभियान ने रविवार को एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया। बहादुर नगर स्थित योग रंजन योगाभ्यास केंद्र में सतत 120वें रविवार को 54 सूर्य नमस्कार एवं विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों और बाल साधकों की भागीदारी देखने को मिली। प्रातः 6 बजे शुरू हुए इस सत्र में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। नियमित योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक सुदृढ़ता, मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति के महत्व को रेखांकित किया गया। पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और सामूहिक साधना का उत्साह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया। योग सत्र के उपरांत आयोजित सूर्य-योगी साधक सम्मान समारोह में उन साधकों और बाल साधकों को सम्मानित किया गया, जो पिछले छह माह से निरंतर प्रत्येक रविवार सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर रहे हैं। इस अवसर पर उन्हें योग रंजन फाउंडेशन की टी-शर्ट भेंट कर उनके समर्पण, अनुशासन और निरंतरता की सराहना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. डीएन मालपानी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. रामेश्वर माहेश्वरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए कहा कि नियमित




सूर्य नमस्कार को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने योग रंजन फाउंडेशन के इस सतत प्रयास को समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। इस दौरान डॉ. रामेश्वर माहेश्वरी ने साधकों को हास्य योग का अभ्यास भी कराया और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हंसी तनाव को कम करने के साथ ही शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। कार्यक्रम का संचालन प्रगति बरनवाल ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि अंत में योगाचार्य प्रिंस रंजन बरनवाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नियमित योगाभ्यास जारी रखने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

समारोह में राजदीपिका तिवारी, आकांक्षा वर्मा, नूपुर सिंह, रामप्रताप कटियार, इकरा, स्नेहा, अम्बिका, सिमरन, सिमरन कश्यप, कावेरी, खुशी तिवारी, वैष्णवी और पूर्वी गुप्ता सहित कई साधकों को उनके नियमित अभ्यास के लिए सम्मानित किया गया।